Marshal Rodion Alexsandrovitch Bukosovsky, Chairman of the Council of Ministers of USSR and Head of State, swore on each May Day Rally that he would teach a lesson to the Chinese chauvinists and hegemonists.

Chou-Shu-Jen, Chairman of the Hsin-Sheng (New life) Party which adhered only to the saying of Mao-Tse-Tung who had ruled China some seventy years ago, and Premier Feng-Hseuh-Feng of China declared on every august occasion that the Soviet international banditry would be put to an end soon.

IV

Way back in 2003, the German Particle Physicist Prof. Rudolf Wilhelm Leubcke of Max Planck Institute had theoretically propounded that all the so-called elementary particles, which till then

existed as a large number of unordered partieles, could be built in an ordered fashion out of two basic fundamental components, which he had named the Rajons and the Ramons. Basing his arguments on the stability of the so-called elementary particles that were known, Prof. Leubcke had shown that the Rajon and the Ramon would be each a million times heavier than the protons. Thus, when these particles get bound in different proportions to form an elementary particle they must have between them a binding force some $10.^{50}$ times stronger than the nuclear force, with an extremely short range.

Then by 2036, the Japanese High Energy Particle Physicist, Hideki Yamasaki. working in the joint Sino-Japanese super-high energy accelerator at the Tien-An-Men (heavenly peace) valley on the Moon had found a massive particle as a result of an accidental head-on collision of two protons in the 1 00,000 g.e.v. accellerator. Prof. Yamasaki had also found that this massive particle which was 50 times heavier than the colliding protons was released with the accompaniment of enormous energy release in the form of radiations, of wave lengths very much shorter than any known radiation i.e. of enormous frequency.

After painstaking analysis of this accidental finding of Prof. Yamasaki, the Chinese Physicists Dr. Ching Hsing-Yi and Dr. Tan Hsin-Pei had come to the conclusion that the colliding protons with the huge acceleration that they underwent in the $10.^{5}$ g.e.v. accelerator merged together in the process releasing part of the binding energy within the proton in the form of 'Leubcke Photons'. Dr. Yi had called the enormously high frequency radiation that Prof. Yamasaki had detected as the 'Leubcke-Waves' and its quantas as 'Leubcke-Photons'.

Because of this release of the binding energy Dr. Yi and Pei had said that the particle conglomerate, that resulted after the collision, had a weaker internal binding and hence was heavier.

V

Dr. Ivan Mihailovich Romanov was a thick-set, medium statured 68 year old Byelo-Russion. His high-domed forehead, deeply furrowed by years of thoughtful meditation and mundane worries, was partly covered by bushy locks of silver grey hair which finally fell like a leonine mane on the thick reddish nape of his neck. His light blue eyes had a kindly but rather sad expression about them.

Though internationally famous as a wizard of high energy particle physics-for, in his long career he had solved very tough problems in his branch of research—yet he had taken into his stride very deep wounds in his wordly life.

Nearly four decades back, when at such a young age, he was a Professor of High Energy Particle Physics at the University of Kiev, he was already famous in the international scientific circles. He had to his credit some spectacular; foundation-shaking papers. It was then that the young and graceful Natalya Kharlamova, the Computer Programmer at the Universlty, caught his attention and set his young heart aflame for the first time in his life. Her grace and beauty were marvellous, mainly due to her mixed parentage. Her father was a

handsome Russian and her mother, an Iranian beauty. The strong virility of the Russian's muscular constitution had mingled with the graceful elegance of the Persian to endow an ecstatic beauty to Natalya. To add to her beauty, were her sweet pleasant voice and intelligent face.

He had courted her and their intimate freindship had grown from strength to strength, ultimately resulting in their getting themselvles registered, as man and wife, before the District Magistrate. He felt extremely happy with his alliance with 'Nataly' as he called her. He was extremely devoted and considerate to her. It was only after the birth of a daughter, whom he had named Lyudmila, that he came to know of the infidelity of Natalya during all these years. When it came to his knowledge that, all these years Natalya had been attached to the dashing East German Cybernetist at the Kiev University, he felt thoroughly shocked. He was too broad-minded to feel shocked at her infidelity, but what hurt him was that, he had been deceived by one for whom he had so sincerely set apart so much of his time and deep feelings that sprang up from his very inner self.

He saw his relationship in a new light. What he had taken as sincere declarations of love and affection were nothing but deception and affectation, He felt totally disgusted with his relation. ship with Natalya which, in turn-kindled in him a disgust for his very existence. But the deep sense of fatherhood and extreme fondness for Lyudmila made him desist from breaking his relationship. But when the rosy cheeked Lyudmila, who took after her mother, was a girl of twelve, she got killed by an accidental spark from an atomic powered motor coach. This gave him a blow which swept away all his earthly desires. The temporal and almost illusory nature of existence made him feel totally disinterested in name and fame, that came to him without his seeking. He had come to adopt a complete non-attachment to everything, an attitude which the Buddha, more than 25 centuries back had asked people in general to adopt. To give some purpose to his existence he delved deeper into his research.

VI

The Croatian Chief Scientific Adviser to Marshal Bukosovsky, Dr. Dragutin Haramija, was a crafty man. He had come to occupy such an influential position—a position which gave him power over the future of even eminent and outstanding scientists of the USSR—through sheer craft and subtle trickery. He was without doubt an intelligent man, but his innate ability to flatter men above him and to trick and bully men below him had enabled him to rise so high that even illustrious scientisits, who, in truth, had a higher intellectual standing than him, shivered in their pants while dealing with him. In short, he was a scientist-politician, a veritable jackal

Dr. Haramija was pacing, back and forth, behind the big glittering high-strength fibreglass table. His office was lavishly, but tastelessly furnished, in keeping with his pompous and ostentatious nature. He was awaiting the arrival of Prof. Romanov, whom he had summoned to his office. The tall Groation jackal gloated over his power. He got sadistic pleasure by making the

inherently illustrious, but externally powerless, scientists cower and perspire in his presence; for, if they did not exhibit submissiveness their future would be in jeopardy. But the indifferent old Romanov was an enigma to him, Prof Ramonov neither offended him nor submitted to his arrogant egotism, but spoke and behaved with him, in his usual calm manner.

Presently Romanov entered. In sharp contrast with the pom. ous Dr. Haramija the old profossor was clad in an attire which would have put even a tramp's clothing to shame, for Dr. Romanov had not cared to buy new clothing for himself in the past three decades. He wore a faded coat mended at many places, but wore it with dignity and was immaculately clean as he had been from his childhood. Entering, he courtesied and said, "What for have you summoned me again to your presence, Dr. Dragutin ? Have you not finalised our project yet ?"

"No, it is not for that, That matter is settled. I want to ask you why you have included an Indian Dr Zwamee in your team. You could very well have found a trajectory computation expert from within the Soviet Union", Dr. Harmija exclaimed. He stressed the name of Dr. Swamy as Zwamee which was characteristic of his Serbo-Croataian mother-tongue.

"Well, it is not out of any partiality or idiosyncracy of mine that I have included him in our team. It is because he is the most illustrious physicist in high energy particle trajectory computation. In fact, when it was found that at very high energies the relativistic four dimentional trajectory computation somehow failed completely, it was he who propounded the drastic theory that at immensely high energies, energy must also be treated as an independent coordinate. It is his highly complicated five dimensional trajectory computation that fully tallies wi.h reality."

"Moreover", Romanov continued "he is from a country which is a staunch soviet ally and the trajectory computation of very high accuracy is of paramount importance for causing head-on collision of two super high energy Protons, which could only be done with an expert of Dr. Swamy's stature".

Dr. Dragutin nodded He could say nothing against.

VII

The Novo-Chernyetskoye super high energy particle accelerator had been built on Mars a few years ago under the overall supervision of Prof. Romanov. It was a gigantic controlled thermonuclear fusion reactor-powered accelerator. It had an enormous acceleration capability of a million g.e.v. Now a big team under Dr. Romanov was trying to bring two protons into head-on collision, after accelerating them to enormous energies which the gigantic accelerator afforded them. They had programmed the computers according to the trajectory equations of Prof. Swamy. They at last succeeded in bringing a number of protons simultaneously into head-on collission, with the result that enormous energy in the form of Leubcke-photons were emitted which were deflected away from Mars with the help of very powerfull magnetic fields generated by heavy super-conducting platinum coils. Now

were almost in conjunction (i.e. nearly along a straight line with Sun and Jupiter on the exteremities), the collapse of the earth increased the gravitational pull of Jupiter away from the Sun, on Mars, and made Mars move on a hyperbolic course. Thus, Mars raced farther and farther away from the Sun, to get lost in the dark immensity of Cosmos, and into the fathomless recess of eternity.

D.U.P. No. 1189—23-1-73—500 Copies.

हिन्दी विभाग

Towards development!

By Srilata Swaminathan

PROF. Sharma: My dear Dr. Aiyar, what a delightful surprise! It's ages since we last met. I was most disappointed that you were not at the Seminar on Hypothetical Ideological Action for Ambivalent Self-Reliant Policies towards a Global Conceptual Strategy. We had two delightful weeks in Hawaii. I was sure that you would be there.

Dr. Aiyar: Well, I was invited but I had already accepted an invitation to the World Conference in Tokyo on Co-ordinated International Publicity towards Spasmodic Conceptual Disorientation of Third World Processes in Radical Paranoid Societies and as I had already submitted my paper on Macro-Awareness towards Doctrinaire Strategies I couldn't get out it.

Prof. Sharma: Lets have a cup of coffee. You are on the Geneva flight, aren't you?

Dr. Aiyar: Yes, but I'm not stopping at Geneva but catching another flight to Oslo.

Prof. Sharma: You mean you are not attending the Conference for Complex Interlocking Commitment towards Catastrophic Ecumenical Liberation through Symbiotic Grass-roots Rhetoric?

Dr. Aiyar: I'm afraid I can't because the Oslo Conference is the follow-up on the Seminar on Divergent Structural Escalations Arising from Conditioned Neo-colonialist Propaganda that we had attended in Manila together three months ago and I am very keen to follow up our findings on Uncritical Dialogical Fermentation in the field of Bureaucratic Issue-Oriented Paralysis and the Oslo conference is just the thing to sew it up. I'm sorry that you won't be there because your paper on Ongoing Political Deductions on Perverse Moralistic Documentation would have been very appropriate – very appropriate!

Prof. Sharma: Ah! I'm so glad you think so because it caused a furore when I presented it. A lot of our colleagues from the north-east Pacific bloc were very critical as it upset all their notions on connected doctrinaire evaluations but the African bloc strongly sided with my views.

Dr. Aiyar: I have never been able to grasp why the naive dialogical disorientation of certain fragmentary disciplines is given so much publicity? Do you think it is because major aid for spasmodic capitalistic planning is leading to fundamental unstructured affluence?

Prof. Sharma: Partly that and also partly because the theories of polarised under-development vis-a-vis the superficial elitist crisis of today is leading inexorably to a mammoth divergency of revolutionary-orientated neo-consumerist greed.

Dr. Aiyar: You are right! We must make a concerted effort to polarise the economistic and ambivalent processes of random fundamentalism which can only lead to a spatial, micro-level escalation of the peripheral and eclectic malfunctions.

Prof. Sharma: Exactly! And don't forget the simplistic planning of pseudo-environmental hazards to the psychological interaction between biological conditions of osmosis in society.

Dr. Aiyar: Definitely! How long is your conference in Geneva?

Prof. Sharma: It's just ten days and after that I go on to a seminar in Tasmania. They are chartering planes to take us on field trips so that we can personally evaluate the mixed economy of anthropological corruption in nomadic imperialistic documentation of complex rural progress.

Dr. Aiyar: We must take this up in October at the Montreal Seminar for the ...

Announcement: Calling all passengers for Geneva. Kindly board the coach at exit one. Calling all Geneva passengers ...

अपनी बात

प्रिय पाठक,

'स्पैक्ट्रम' का हिन्दी विभाग प्रस्तुत करते हुए हम विशेष हर्ष का अनुभव करते हैं, न केवल इसलिए कि यह आपके लिए एक नई सामग्री है, अपितु इसलिए भी कि आज के भारत में इसका विशेष महत्त्व है।

इसे दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जाएगा कि एक स्वतन्त्र देश के नागरिकों की शिक्षा—विशेषत: विज्ञान-शिक्षा—का माध्यम आदि से अन्त तक एक विदेशी भाषा हो। विज्ञान को जब तक जन-भाषा में नहीं रखा जाएगा, तब तक न तो साधारण व्यक्ति उसे अपने जीवन का अंग समझेगा, और न ही वह अपने दैनिक जीवन से अवैज्ञानिक रंग-ढंग को दूर कर सकेगा। स्वतन्त्रता के रजत-जयन्ती-वर्ष में इस विषय पर ध्यान देना अति आवश्यक है। हमारा आग्रह है कि 'स्पैक्ट्रम' के छोटे-से हिन्दी-विभाग को इस छोटे स्वरूप में न देखते हुए इसे उपर्लिखित दिशा में एक बहुत बड़ी क्रान्ति का प्रथम पग समझा जाए।

विज्ञान हिन्दी में लिखना कहाँ तक सम्भव और व्यावहारिक है? इस प्रश्न का उत्तर पत्रिका के पृष्ठ स्वयं ही दे देंगे हम इतना ही कहेंगे कि इस बारे में भौतिकी विभाग के सदस्यों में बहुत उत्साह है—हमारी आशाओं से कहीं अधिक। इस अंक के उत्साही लेखकों को बधाई देते हुए हम आशा करते हैं कि आने वाले समय में यह उत्साह, यह उमंग और हिन्दी में पाठकों की रुचि बढ़ती ही जाएगी।

शुभ कामनाओं सहित—

सम्पादक

विज्ञान हिन्दी में क्यों ?

—सतीश कुमार गोयल, विज्ञान निष्णात (पूर्वार्द्ध)

आपको मालूम ही होगा अभी पिछले दिनों 'स्पेक्ट्रम' में हिन्दी विभाग बनाने के प्रश्न पर अच्छा खासा विवाद खड़ा हुआ था। प्रश्न है आखिर हिन्दी विभाग ही क्यों ? आसामी, पंजाबी या तमिल इत्यादि विभाग क्यों नहीं ? और इससे भी बढ़ कर, एक और विभाग की आवश्यकता ही क्या है ? क्या केवल अंग्रेजी में छपा 'स्पेक्ट्रम' ही कम (बोर) है ? बात कम या ज्यादा की नहीं। बात असलियत में यह है कि हिंदी और अंग्रेजी ही दो ऐसी भाषाएँ हैं जिनमें एक प्रान्त के व्यक्ति दूसरे प्रान्त के व्यक्तियों से बातचीत कर सकते हैं, अन्य किसी भारतीय भाषा में ऐसा सम्भव नहीं। इसलिए यदि हमें एक और विभाग बनाना है तो वह हिंदी में ही होना चाहिए। यह सही है कि बहुत से व्यक्ति उस श्रेणी में आते हैं जिन्हें हिंदी भली भाँति नहीं आती या वे इसे सरलता पूर्वक पढ़ नहीं सकते, उन्हें प्रत्यक्ष रूप में इसका कोई लाभ नहीं मालूम होगा लेकिन वे भी दूसरों की साधारण सी सहायता से उसे समझ सकेंगे। लेकिन इसी विभाग के किसी प्रादेशिक भाषा में होने पर इसे समझना अधिकतर विद्यार्थियों इत्यादि के लिए असाधारण रूप से कठिन होगा। यहाँ यह न भूलना चाहिए कि विज्ञान संकाय में किसी प्रान्त विशेष के व्यक्तियों की संख्या बहुत अधिक नहीं है और हिंदी लगभग सभी को आती है।

इससे भी महत्त्वपूर्ण बात है कि हिन्दी-विभाग की आवश्यकता क्या है ? क्या आपने कभी सोचा है कि हमारे देश में विज्ञान की प्रगति अब तक दूसरे देशों की तुलना में इतनी कम क्यों है ? हम विज्ञान और तकनीकी-शिक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर क्यों नहीं हैं ? क्या जापान, रूस, चीन, फ्रांस, जर्मनी इत्यादि देशों में भी शिक्षा—विशेष तौर पर विज्ञान शिक्षा-का माध्यम अंग्रेजी है ? क्या हम स्वाधीनता प्राप्त करने के २५ वर्ष पश्चात् भी विज्ञान की शिक्षा अपनी राष्ट्र भाषा में नहीं दे सकते ? आप कहेंगे यह सब पुरानी घिसी-पिटी बेकार बातें हैं, इनसे कुछ नहीं होने वाला। होगा तो तभी जब हम कुछ करना चाहेंगे। सोते हुए शेर के मुख में तो हिरन जाने से रहा—

उद्यमेन हि सिद्ध्यन्ति कार्याणि न मनोपथैः।
न हि सुप्तस्य सिंहस्य प्रविशन्ति मुखे मृगाः॥

× × × ×

"श्रमं बिना न किमपि साध्यम्"

यह सब बातें पुरानी अवश्य हैं लेकिन सारगर्भित हैं। इन पर धैर्यपूर्वक एवं निष्पक्ष रूप से विचार करने की आवश्यकता है। केवल हिंदी के नाम पर उत्तेजित होकर दंगेफसाद करने पर आमादा हो जाना कहाँ तक उचित है ? क्या कोई प्रादेशिक भाषा राष्ट्रभाषा का कार्य कर सकती है ? इन प्रश्नों पर विचार करके हम इसी निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि 'भारतवर्ष में विज्ञान का प्रचार राष्ट्र भाषा में ही सम्भव है' इस से सहमत होना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि यह होना ही चाहिए। लेकिन इसके लिए जरूरत है उच्च स्तर की हिन्दी भाषा में मुद्रित विज्ञान पुस्तकों की—एक बड़ी मात्रा में—स्नातकों एवं स्नातकोतरों दोनों के लिए।

आज के विद्यार्थी ही कल के अध्यापक और राष्ट्र के कर्णधार होंगे। यदि हम ही अपनी राष्ट्रभाषा के परिमार्जन के लिए कुछ नहीं करेंगे तो और किससे यह आशा की जा सकती है। विश्व प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिकों डा० सत्येन बोस, डा० रमन, डा० कृष्णन इत्यादि ने कहा है कि विदेशी भाषाओं के सहारे किसी भी क्षेत्र में सराहनीय कार्य करना असम्भव है। यह केवल उनके कहने की ही बात नहीं थी, वे सभी विज्ञान के गूढ़तम विषयों पर भी अपनी-अपनी मातृभाषा में धाराप्रवाह रूप से बोल सकने की क्षमता रखते थे अथवा रखते हैं। इसी संदर्भ में मैं आपका ध्यान 'हिंदी समिति, सूचना विभाग, लखनऊ, उत्तर प्रदेश' की ओर दिलाना चाहूँगा। इसने हिन्दी भाषा में उच्चकोटि का वैज्ञानिक साहित्य उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'हिन्दी समिति ग्रन्थमाला' का समारम्भ किया है। इसके प्रथम चरण में ३०० ख्याति प्राप्त अंग्रेजी पुस्तकों के हिन्दी अनुवाद का कार्य लगभग समाप्त किया जा चुका है। इस शृंखला की कुछ पुस्तकें दिल्ली विश्वविद्यालय पुस्तकालय के हिन्दी विभाग में उपलब्ध हैं। ये पुस्तकें (अर्थात् हिन्दी अनुवाद) बहुत ही सरल हैं और भाषा का साधारण ज्ञान रखने वाले व्यक्ति को सुगमतापूर्वक समझ आ सकती हैं। अनुवाद कार्य विद्वानों एवं अपने-अपने विषय में पारंगत महानुभावों द्वारा सम्पन्न किया गया है। यही नहीं, वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद् (C.S.I.R.) पिछले काफी समय से 'विज्ञान-प्रगति' नामक हिन्दी मासिक पत्रिका निकाल रही है जिसमें अनेक प्रसिद्ध वैज्ञानिकों के लेख प्रकाशित होते हैं।

विद्यार्थियों के इस विषय में क्या विचार हैं यह जानने की इच्छा से मैंने यह बात कि 'जिन पुस्तकों का आप लोग आजकल अध्ययन करते हैं उनमें से कुछ का अच्छा हिंदी अनुवाद हो चुका है। उदाहरण के तौर पर आपेक्षिकता का अभिप्राय' नाम की पुस्तक 'The Meaning of Relativity' by Einstein का हिन्दी अनुवाद है। इसके अनुवादक हैं डा० देवीदास रघुनाथ भवालकर तथा डा० निहालकरण सेठी।

कुछ मित्रों को बताई, तो वे लोग इस प्रकार हँसे जैसे कोई अत्यधिक असंगत, असामयिक एवं मिथ्या बात कह दी गयी हो, और 'यार यह इम्पौसीबिल है', 'ओए हिंदी का चांस नहीं है' इत्यादि उत्तर मिले। आप भी कहते होंगे हिन्दी में तो यह सब बहुत मुश्किल है। शायद उतना नहीं जितना आप समझते हैं, जैसा कि इस विभाग के अन्य वैज्ञानिक लेखों को पढ़ने पर स्वयं ही स्पष्ट हो जाएगा। और यदि शुरू से ही आपने हिन्दी में पढ़ा होता तब तो यह अत्यन्त सरल होता (शायद अंग्रेजी में जैसा लगता है उससे भी अधिक सरल) ऐसा और कब तक चलता रहेगा ? एक न एक दिन तो प्रारंभ करना ही होगा। और शुरू करने वाला भी कोई न कोई होना ही चाहिए। हर कार्य के श्रीगणेश में कुछ समस्याएँ तथा बाधाएँ सामने आती हैं। लेकिन उनका सफलतापूर्वक समाधान करना ही बुद्धिमत्ता का परिचायक है। तो इस विचार को ध्यान में रखते हुए क्यों न हम आज और-इसी क्षण से ही विज्ञान एवं विज्ञान शिक्षा को राष्ट्रभाषा में रूपान्तरित करने का प्रयास प्रारम्भ करें ताकि भारत के कम शिक्षा प्राप्त नर-नारी एवं जनसाधारण भी इसे समझने की चेष्टा करें एवं इसमें रुचि ले सकें। आजकल सर्वसाधारण विज्ञान को एक अत्यन्त कठिन, रुचि हीन एवं गूढ़ विषय समझते हैं। इसका एक बहुत बड़ा कारण वैज्ञानिक साहित्य का प्रचुर मात्रा में साधारण भाषा में उपलब्ध न होना भी है। यह निर्मूल धारणा आम आदमी के मन से निकालनी होगी।

'स्पेक्ट्रम' में हिन्दी विभाग का पदार्पण उपरोक्त लक्ष्यों की प्राप्ति में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हो सकता है।

प्यार : एक भौतिक सत्य

विजेन्द्र शर्मा, शोधकर्त्ता, सूक्ष्मतरंग प्रयोगशाला

तेरा प्यार
इतना पवित्र है कि
मैं तेरे
चारों ओर
वृत में चक्कर लगा रहा हूँ ।
और तू
अपने गुरुत्व-बल से
मुझे
अपने
केन्द्र की ओर
आकर्षित कर रही है ।
परन्तु
दुनिया हमसे
नफ़रत करती है ।
वो तेरे
मध्य-खींची-रेखा[1] पर भी
मुझे
नहीं आने देना चाहती ।
देख
यदि अपकेन्द्र-वल[2]
बढ़ गया तो
मैं
इतनी दूर
जा गिरूँगा कि
तेरे पास
कभी नहीं आ सकूंगा ।
अब तू
दिखादे
दुनिया को कि
मैं तेरे
ध्रुवों[3] पर
वास करता हूँ ।

---

1. Equator 2. Centrifugal Force 3. Poles.

सूक्ष्मतरंग

सुषमा सक्सैना, विज्ञान निष्णात (पूर्वार्द्ध)

जाहिर है, 'सूक्ष्मतरंग' (माइक्रोवेव) का अर्थ है 'बहुत छोटी तरंग'। वास्तव में सूक्ष्मतरंग एक तुलनात्मक शब्द है, परन्तु इससे इसके परास (रेन्ज) के छोटे होने का अनुमान नहीं लगाया जा सकता।

अवश्य ही पराबैंगनी (अल्ट्रावायलैट) प्रकाश की आवृत्ति (फ्रिक्वैंसी) अवरक्त (इन्फ्रारैड) प्रकाश की आवृत्ति से कहीं अधिक होती है। जैसे 400 हर्ट्ज की आवृत्ति 60 हर्ट्ज की आवृत्ति से अधिक है—400 हर्ट्ज वाली तरंग की तरंगलम्बाई (वेवलैंग्थ) 60 हर्ट्ज वाली तरंग से कम होती है। ये सब तरंगें विद्युत-चुम्बकीय (इलैक्ट्रोमैगनेटिक) तरंगें हैं परन्तु कोई सूक्ष्मतरंग नहीं हैं।

हम जानते हैं कि रेड़ियो और सूक्ष्मतरंगों के मूल सिद्धान्तों में कोई अन्तर नहीं है। अल्प आवृत्तियों (लो फ्रिक्वैंसीस) पर प्रेक्षित आबर्जव्ड क्रियाओं की पूर्ण परिपथ (सरकेट) में बह रही विद्युत धारा के द्वारा, सरलता से व्याख्या की जा सकती है। परन्तु सूक्ष्मतरंग आवृत्तियों पर ये क्रियाएँ विद्युत धारा की सहायता से नहीं समझाई जा सकती। बल्कि धारिता (कैपेसिटैंस) व प्रेरकता (इंडक्टैंस) एक सूक्ष्मतरंग संचार रेखा पर बंटी होती है परन्तु किसी भी बिन्दु पर इसका माप निश्चित नहीं होता।

शायद सूक्ष्मतरंग और साधारण रेड़ियो तकनीकों में सबसे महत्त्वपूर्ण अन्तर तरंग-लम्बाई से सम्बन्धित अवयवों (एलीमैंट्स) के माप का है। उदाहरणतः एक सूक्ष्मतरंग तरंगपथिका (वेव गाइड) की चौड़ाई अर्द्धतरंग लम्बाई से अधिक होती है। जो काम 90 इंच चौड़ी तरंग पथिका 100 मैगाहर्ट्ज पर करती है वही काम लगभग एक इंच चौड़ी तरंग-पथिका 10,000 मैगाहर्ट्ज पर करती है। संवाहकता (कंडक्टिविटी) अधिक होने के कारण तरंगपथिका तांबे की बनी होती है और तांबा कितना महंगा है इससे आप भली भांति परिचित हैं। अब आप ही सोचिए कि किसका प्रयोग सरल है और कौन आर्थिक दृष्टि से लाभदायक है। इसमें दो मत नहीं हैं कि सूक्ष्मतरंगों का ही प्रयोग सरल है।

सूक्ष्मतरंग वर्णक्रम (स्पैक्ट्रम) स्वेच्छा से 300 मैगाहर्टज से लेकर 300,000 मैगाहर्टज तक निर्धारित कर दिया गया है, जिनकी तरंगलम्बाई क्रमशः एक मीटर से एक मिली मीटर तक होती है। ये सबकुछ तो सूक्ष्मतरंगों के गुण धर्मों के विषय में था। आओ अब हम इनके उपयोगों पर प्रकाश डालें।

सूक्ष्मतरंग-ऊर्जा में अन्य ऊर्जाओं की भांति ऊष्मा-प्रभाव (हीटिंग इफैक्ट) भी होता है। इसके कारण यह गर्म करने के काम में आती है। सूक्ष्मतरंगों का घरेलू उपयोग बड़ा ही मनमोहक है। सूक्ष्मतरंग चूल्हे खाना पकाने के काम आते हैं। इनके प्रयोग से खाना बहुत ही शीघ्र बन जाता है। उदाहरणतः लगभग दस पौंड खाना कुछ ही क्षणों में बनाया जा सकता है। जिस समय सूक्ष्मतरंगें

बर्तन के बाहर पहुँचती हैं ठीक उसी समय में बर्तन के अन्दर भी पहुँच जाती हैं। इसलिए खाना सीधे तरंगों से ही पक जाता है। इस प्रकार के चूल्हे पाश्चात्य देशों में धीरे-धीरे प्रचलित होते जा रहे हैं और कई प्रकार के सूक्ष्मतरंग यंत्र छापेखानों में सुखाने के काम आते हैं। सूक्ष्मतरंग ऊष्मा-पार्य यंत्र एक चिकित्सा यंत्र है।

सूक्ष्मतरंगों की सहायता से संचार (कम्यूनिकेशन) की समस्या काफी कम हो गई है। इसकी सहायता से हम बहुत ही दूर के देशों में अपना सन्देश क्षण भर में भेज सकते हैं।

कवि के शब्दों में—

सूक्ष्मतरंग
एक भ्रूण सी
तरंग लम्बाई
बहुत छोटी
पर सन्देश पहुँचाए
अति दूर !
यह
इक पल में
पार करे
सातवां आसमान
पर
मानव न जा सके
सात समन्दर पार।*

अन्तर्राष्ट्रीय संचार व्यवस्था सूक्ष्मतरंगों के बल पर ही जीवित है। इसका विशेष कारण यह है कि सूक्ष्मतरंगों की सहायता से केवल एक ऐन्टेना के प्रयोग से हम कई सन्देश एक साथ भेज सकते हैं। सूक्ष्मतरंगों की बैण्डचौड़ाई (बैण्डविड्थ) बहुत अधिक होती है। साधारण बातचीत के लिए 1,000 हर्ट्ज़ चौड़ा, संगीत के लिए 10,000 और दूरदर्शन के लिए कुछ मैगाहर्ट्न चौड़ा बैण्ड चाहिए। सूक्ष्मतरंग बैण्ड की 2850 से 3150 मैगाहर्ट्ज़ तक की आवृत्तियों के लिए 300 मैगाहर्ट्ज़ चौड़ा बैण्ड होता है। इस प्रकार यह दिष्ट धारा (डायरेक्ट करेन्ट) से 300 मैगाहर्ट्ज तक सारे रेड़ियो वर्णक्रम का संचारण कर सकता है। इस सूक्ष्मतरंग बैण्ड की बैण्डचौड़ाई, (चौड़ाई केन्द्रीय आवृत्ति द्वारा विभाजित), दस प्रतिशत कही जा सकती है। वास्तव में जितनी संकीर्ण बैण्ड चौड़ाई होती है उतना ही अधिक सरल परिपथ होता है और इस प्रकार सूक्ष्मतरंगों से काफी समस्याएं हल हो गई हैं।

कुछ तरंगलम्बाई जितने चौड़े ऐन्टेना से सूक्ष्मतरंगों को साधारण प्रकाश की किरणों की भाँति फोकस किया जा सकता है। तरंग लम्बाई की दृष्टि से एक ऐन्टेना का जितना चौड़ा द्वारक (अपरचर) होता है उतनी ही संकीर्ण किरणावली होती है और उतनी ही अधिक लब्धि (गेन) होती है। इस प्रकार 3000 मैगाहर्ट्ज (तरंगलम्बाई=दस सैन्टीमीटर) पर कार्य कर रहे 100 सैंटीमीटर चौड़े ऐन्टेना का

* विजेन्द्र शर्मा द्वारा रचित

द्वारक दस (100/10) तरंगलम्बाई जितना होता है। इस ऐन्टेना का द्वारक 300 मैगाहर्ट्ज पर काम कर रहे 500 सैन्टीमीटर चौड़े ऐन्टेना के द्वारक से अधिक होगा, क्योंकि बाद वाले ऐन्टेना का द्वारक केवल पांच तरंग-लम्बाई जितना होगा।

उपर्युक्त वास्तविकताओं के कारण डाक व तार विभाग का काम अधिक होने की जटिल समस्या सरल हो गई है। विदेशों में तो सूक्ष्मतरंग यन्त्रों का बहुत ही प्रचार है परन्तु अब भारत में भी इसका प्रयोग बढ़ने लगा है। पिछले वर्ष भारत में छः विभिन्न रेलवे-स्टेशनों पर सूक्ष्मतरंगयन्त्र संचार के लिए लगाए गए।

रेडार का महत्त्व तो आप समझते ही हैं। द्वितीय विश्वयुद्ध में शत्रु व मित्र यानों का भेद रेडारों द्वारा ही मालूम किया गया। और अब भी ये कई प्रकार के काम कर रहे हैं। वायुयान से सम्बन्धित अधिकतर काम इसी की सहायता से होते हैं। यान कितनी ऊंचाई पर उड़ रहा है, कहां जा रहा है और किधर से आया है, यह सब रेडार ही बतलाते हैं परन्तु प्रयोग होता है सूक्ष्मतरंगों का। इन तरंगों का प्रयोग विभिन्न प्रकार के रेडार करते हैं—जैसे अस्त्र पथन रेडार, अग्नि नियन्त्रण रेडार, वातावरण सम्बन्धी रेडार आदि, और ये रेडार सूक्ष्मतरंगों के महत्त्वपूर्ण उपयोग को दर्शाता है।

सूक्ष्मतरंगों द्वारा संचार का एक और दिलचस्प साधन उपग्रहों का सूक्ष्मतरंग संचार केन्द्रों के रूप में प्रयोग है। इस प्रकार का पहला उपग्रह "टैलस्टर" जुलाई 1962 में छोड़ा गया था। इसके प्रयोग से अमेरिका से यूरोप तक दूरदर्शन के कार्यक्रम भेजे जाते थे। इस उपग्रह का व्यास केवल 34½ इंच का है। इस प्रकार के संचार का कार्य केवल एक अधिक क्षमता वाला ऐन्टेना ही कर सकता है जोकि केवल सूक्ष्मतरंगों आवृत्तियों के लिए ही सम्भव है।

प्रत्येक काले-सफेद दूरदर्शन कार्यक्रम के लिए छः मैगाहर्टज की बैण्डचौड़ाई की आवश्यकता होती है। इस प्रकार के 100 कार्यक्रमों का संचारण एक साथ एक ही पद्धति द्वारा करने के लिए 600 मैगाहर्ट्ज की बैण्ड चौड़ाई चाहिए। और यह केवल सूक्ष्मतरंग पद्धति द्वारा ही संभव है।

द्रव्यों के मूल गुणधर्मों के अध्ययन में सूक्ष्मतरंगों ने बहुत ही सराहनीय प्रयोगात्मक योगदान किया है। उदाहरणतः मेज़र व लेज़र। मेज़र व लेज़र के उपयोग से प्रकाशकीय आवृत्तियों पर संचार की संभावना हो गई है। इस आवृत्ति बैण्ड को कभी-कभी अतिसूक्ष्मतरंग बैण्ड भी कहते हैं।

संवेदनशील सूक्ष्मतरंग अभिग्राहित्र (सैंसिटिव माइक्रोवेव रिसीवर) रेड़ियो खगोल विज्ञान (आस्ट्रोनोमी) में सूर्य और कई रेड़ियोतारों, जो कि इस बैण्ड में विकिरण (रेड़ियेशन) का उत्सर्जन (इमीशन) करते हैं, से निकली विद्युत चुम्बकीय विकिरणों के अध्ययन और उनके पता लगाने में बहुत ही लाभदायक है।

प्रश्न उठता है कि ये तरंगें पैदा कैसे होती हैं, इनका उद्गम क्या है। कहते हैं कि सबसे पहले कास्मिक किरणों के अध्ययन करते समय सूक्ष्मतरंगों की महता का पता चला था। उसके पश्चात् बहुत से ऐसे यन्त्र बनाए गए जिनसे ये पैदा होती जैसे कलाइसट्रान, मैगनेट्रॉन व प्रगामी तरंग दोलित्र (ट्रैवलिंग वेव ऑसीलेटर) आदि में वेग माडुलन (विलासिटी माडुलेशन) व धीमि तरंग रचना (स्लोवेव स्ट्रक्चर) आदि के सिद्धान्तों पर बनाए गए। सूक्ष्मतरंगों के जन्म के लिए आजकल अर्द्धचालक (सैमी-कंडक्टर) यंत्र बहुत अधिक प्रगति कर रहे हैं। अर्द्धचालक यन्त्रों के माध्यम से 300,000 मैगा हर्ट्ज से

भी अधिक आवृत्ति उत्पन्न की जा सकी है । गन दोलित्र (ऑसीलेटर) एल-एस-ए दोलित्र इम्पेट दोलित्र, ट्रेपेट दोलित्र व टनल दोलित्र आदि अर्द्ध-चालक सूक्ष्मतरंग यन्त्र प्रमुख हैं । ये धारा अस्थिरताओं (करन्ट इनस्टेबिलिटीज) या संधिभंग (जंक्शन ब्रेकडाउन) के सिद्धान्तों पर निर्भर है । आशा की जाती है कि ये अर्द्धचालक यंत्र भविष्य में संचार की और भी कई विषमताओं को सरल कर देंगे ।

आभारोक्ति—

मैं विजेन्द्र शर्मा की उनके सहयोग के लिए आभारी हूँ ।

संदर्भ—

1. वीहलर, जी०जे०, इन्ट्रोडक्शन टू मोइक्रोवेव्ज़' प्रेन्टाइस-हाल, इन्क, 1963
2. कॉलिन, आर० ई० 'फाउण्डशन फॉर माइक्रोवेव इन्जीनियरिंग', मेक्ग्रा-हिल बुक कं०, 1964

पनडुब्बी : युद्ध और शांति में महत्व

—दिवाकर रांग्रा, विज्ञान (पूर्वार्द्ध)

आज जब संसार में चारों ओर शांति की पुकार हो रही है, युद्ध समाप्त होने के बजाये भड़क ही रहे हैं। वैज्ञानिक प्रगति के कारण जो नयी नयी खोजें हो रही हैं उनके बारे में सुनते ही यह चिन्ता होने लगती है कि वे कहीं मानव जाति के लिये हानिकारक तो नहीं सिद्ध होंगी। वैज्ञानिक खोज का प्रायः पहले दुरुपयोग होता है और फिर सदुपयोग। अणुशक्ति का उपयोग पहले युद्ध में किया गया और बाद में इसका सदुपयोग हुआ बिजली पैदा करने में। पन्नडुब्बी भी इसका अपवाद नहीं।

युद्ध तीन क्षेत्रों में लड़ा जाता है—जल, थल और आकाश में। वायु-सेना में जो स्थान प्रक्षेपास्त्र का है और थल-सेना में जो स्थान टैंक का है, जल-सेना में वही स्थान पनडुब्बी का है। यह दोहरी दीवारों का बना, मछली के आकार-जैसा एक यान होता है। अंदर की दीवार बहुत ही मजबूत होती है। वह समुद्र की अथाह गहराइयों में पड़ने वाले दबाव से भी नहीं टूटती। क्या आप जानते हैं कि केवल १२२ मीटर की गहराई में जो दबाव पड़ता है वह सतह पर पड़ने वाले दबाव से दस गुना अधिक होता है। इसलिये यह नितांत आवश्यक है कि पनडुब्बी की दीवारें मजबूत हों, अन्यथा उस में पानी घुस आयेगा और नाविकों की जान को खतरा पैदा हो जायेगा। इस प्रकार के खतरों से निपटने के लिये पनडुब्बी में कुछ ऐसे कमरे भी होते हैं जिन्हें पूरी तरह बंद रखा जा सकता है। एक पनडुब्बी में लगभग सौ नाविक होते हैं। इनमें सबसे महत्त्वपूर्ण होता है पनडुब्बी का कप्तान। कप्तान के कंधों पर अन्य नाविकों के प्राणों का तथा डेढ़ करोड़ रुपये की पनडुब्बी का भार होता है। अणुशक्ति से चलने वाली पनडुब्बी की कीमत लगभग पांच करोड़ रुपये होती है और उसे चलाने के लिये विशेष ज्ञान की आवश्यकता होती है। इस महत्वपूर्ण पद तक पहुँचने के लिये कप्तान को बहुत ही कठिन परीक्षाएं पास करनी होती हैं।

अणुशक्ति से चलने वाली पनडुब्बी में शक्ति का स्रोत होता है युरेनियल—२३५ का एक टुकड़ा। युरेनियम—२३५ के नाभिक (न्यूक्लियस) से जब कोई न्यूट्रॉन टकराता है तो उष्मा पैदा होती है और युरेनियम—२३५ का नाभिक टूट जाता है और उसमें से अन्य न्यूट्रॉन निकलते हैं। इस प्रकार निकले अधिक न्यूट्रॉन अधिक नाभिकों से टकराते हैं और अधिक उष्मा प्राप्त होती है। न्यूट्रॉन की संख्या में वृद्धि हो जाने से यह क्रिया एकदम तीव्र हो जाती है और जब तक यूरेनियम—२३५ समाप्त न हो जाये निरन्तर चलती रहती है। अणुबम का यही सिद्धान्त है। क्रिया आरम्भ हो जाने के बाद उसका नियंत्रण बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस क्रिया को नियंत्रित करने के लिए आवश्यकता होती है ऐसे पदार्थ की जो न्यूट्रॉन ग्रहण कर लेता हो, जैसे कार्बन। ऐसे पदार्थ की छड़ी को 'रिएक्टर' के अंदर झुकाया जाता है। छड़ों को अधिक या कम झुकाकर उष्मा परनियंत्रण रखा जाता है। इस उष्मा द्वारा जल को भाप

में परिवर्तित किया जाता है। भाप द्वारा टरबाईन चलती है जिससे बिजली पैदा की जाती है जो अन्ततः पनडुब्बी को चलाती है।

युद्ध में पहले पहल पनडुब्बियों के महत्व का तब पता चला जब २२ सितंबर १९१४ को जर्मनी की एक पनडुब्बी ने ब्रिटेन के तीन जंगी जहाजों को डुबा कर संसार को आश्चर्य में डाल दिया। द्वितीय विश्वयुद्ध में अमरीका की 'आर्चरफिश' नामक पनडुब्बी ने दुनिया का सबसे बड़ा जहाज डुबा दिया जो हवाई जहाज ले जाता था। समुद्र की सतह पर खड़े या तैरते हुए जहाजों को डुबाने के लिये तारपीडो का उपयोग किया जाता है।

तारपीडो छोड़ने से पहले कप्तान की समस्या होती है शत्रु के जहाज की स्थिति का पता लगा कर अचूक निशाना लगाना। सोनार द्वारा शत्रु का पता लगा कर कप्तान पनडुब्बी को जहाज के ठीक नीचे जाता है। तारपीडो दल इस समय एकदम तैयार होता है। तारपीडो छोड़ने के लिये दरवाजे एकदम खुल जाते हैं और लाल बत्तियाँ जल उठती हैं। इसके साथ ही निशाना बांधा जाता है। और फिर जब तारपीडो छूटता है तो पूरी पनडुब्बी एक बार झंझना उठती है। जब तारपीडो अपने लक्ष्य की ओर भागता है तो नष्ट होने वाले जहाज के चित्र खींचने की तैयारी की जाती है। एक जहाज को नष्ट करने के लिये तीन तारपीडो काफी होते हैं।

पनडुब्बी के लिये जहाज को डुबाना तो कठिन कार्य नहीं, परन्तु उसे सबसे अधिक खतरा रहता है अन्य पनडुब्बियों से। कल्पना कीजिये, करोड़ों रुपयों की लागत से ये यान आपस में भिड़ जाते हैं, समुद्र के इतने नीचे कि सतह पर चलने वाले जहाजों को भनक भी नहीं मिलती। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान अमरीकी पनडुब्बी 'बेटफिश' ने ५३ घण्टे में जापान की तीन पनडुब्बियां डुबा दी थीं।

भविष्य में पनडुब्बियों का प्रयोग युद्ध में ही नहीं किया जायेगा। इनसे कई साहसपूर्ण काम भी लिये जा सकते हैं। संसार की प्रथम नाभिकीय शक्ति प्रचालित पनडुब्बी थी नौटिलस। कई जहाजों ने उत्तरी ध्रुव तक पहुँचने की कोशिश की जहाँ तापमान सदा शून्य के पास ही रहता है, लेकिन बर्फ में जकड़े जाते थे। इस ध्रुव पर पहुँचने का श्रेय प्राप्त है 'नौटिलस' के कप्तान कमांडर एंडर्सन को। नाभिकीय पनडुब्बी स्केट' ने बर्फ के नीचे-नीचे दो यात्राएँ कीं। इसके कप्तान थे कमांडर 'जेम्स क्लवर्ट संसार की सबसे बड़ी पनडुब्बी 'ट्राईटिन' ने इतिहास का सबसे लम्बा सफर तय किया। उसके कप्तान एडवर्ड बीच ने समुद्र के नीचे ही नीचे सारे संसार का चक्कर लगा लिया। यह ३६००० मील लम्बी यात्रा उन्होंने ८४ दिन में पूरी की।

भविष्य में जब राष्ट्रों को शान्ति का महत्त्व ज्ञात होगा तो पनडुब्बियों का कार्यक्षेत्र बदल जायेगा। यह कार्य हो सकता है समुद्री जीवों का अध्ययन डुबे हुए जहाजों का पता लगाना और उनमें से सामान निकाल लाना, समुद्र के गर्भ में छिपे कीमती मोतियों की खोज। वैज्ञानिक खोजों द्वारा पहले ही ज्ञात हो चुका है कि समुद्र में खनिज पदार्थों के भंडार हैं। इन असीम भंडारों की खोज पनडुब्बियां ही कर सकती हैं। समुद्र की अन्धकारपूर्ण गहराइयों में नयी-नयी खोजें होंगी तभी पनडुब्बी का सदुपयोग होगा—एक वैज्ञानिक उपलब्धि का सदुपयोग।

महिमा सेब की

—अशोक कुमार भाटिया, विज्ञान निष्णात (पूर्वार्द्ध)

किस्सा—यह कि उस दिन जब हम लगभग ५८९३ Å के 'रेडियेशन' को फैलाती डी० टी० सी० की एक बूढ़े 'इण्टर्नल कम्बस्शन इन्जन' से चालित कई सारे 'मोड्स' में थरथराती बस में चढ़े तो हमारा मूड पूरी तरह से 'ऑफ़' था। वैसे तो हम इस 'थ्योरी' के कायल हैं कि जिस दिन मूड का 'सर्किट' 'ऑफ़' हो उस दिन दिमागी 'ट्रायोड वॉल्व' 'क्लास सी' में 'ऑपरेट' कर रहा होता है और ऐसे दिन 'यूनिवर्सिटी' जाना खतरे से खाली नहीं—पता नहीं कब 'एम्प्लीफ़िकेशन कर्व' की 'नॉन लिनियरिटी' रंग दिखा जाये और हम किसी से उलझ पड़ें ! मगर चूँकि पिछले कई दिनों से 'टैस्ट मैच' के चक्कर में थे, आज सुबह ८ बजे अपने बाह्य मुहूर्त्त में उठते ही हमारे बुजुर्गों ने हमें कच्चा चबा जाने वाली 'वेवलेंग्थ' की नज़रों से घूरा था—सो हम कमर कस कर 'यूनिवर्सिटी' जाने के लिये तैयार हो ही गये। और लीजिये, हम आपको यह बताना तो भूल ही गये कि हमारा मूड 'ऑफ़' क्यों था ! बात दरअसल यों थी कि हमें सबेरे-सवेरे किसी ने हिदायत दी थी कि हम रोज एक सेब खाया करें और समस्त भारतवासियों की प्रिय आंग्लभाषा में कही गई किसी कहावत के अनुसार डॉक्टरों को अपने से कूलम्ब के 'रिपल्शन लॉ' के मुताबिक दूर रखा करें।

इससे पहले की आप कुछ पूछें, मैं आपको बता दूँ कि अगर दुनियाँ में किसी चीज से मुझे सख्त नफ़रत है तो वह है—सेब। जी हाँ ! वही लाल (७००० Å) सेब जो आप स्वाद ले लेकर खाते हैं। इस दुनियाँ की सारी परेशानियों की जड़ यही सेब है। क्या तो वियतनाम पर होने वाली बमवर्षा और क्या ही हमारे देश में सी० आई० ए० की तथाकथित सरगर्मियाँ, क्या तो 'एयर पोल्यूशन' की समस्या और क्या ही हमारे देश में पड़ते अकाल, चाहे 'ऐस्प्रो' और 'सेरिडोन' जैसी कम्पनियों को बरकरार रखने वाली 'क्वाण्टम थ्योरी' हो और चाहे छात्रों में असन्तोष—इन सब समस्याओं की जड़ यही सेब है ! लीजिये, आप मानने के लिये तैयार नहीं तो सुनिये !

आपने आदम और हौवा का किस्सा तो सुना ही होगा। अब आप ही बताइये, अगर हौवा ने वह सेब न खाया होता तो क्या होता ? अजी होता क्या ? न होता बाँस और न बजती बाँसुरी ! जब हम ही नहीं होते, तो हमारी समस्याएँ भी नहीं होतीं। कहिये, है न यह एक छोटे से सेब का कमाल ?

और तो और, मेरी अल्लाहताला से दुआ है कि अगली बार जब किसी पेड़ से किसी के सिर पर कोई सेब गिरे, तो वह सिर किन्हीं न्यूटन महाशय का न होकर मेरे जैसे किसी मूर्ख का हो। एक वह

सेब क्या गिरा कि समस्त विश्व के छात्रों के सिरों पर पहाड़ गिर पड़े। उस एक सेब ने न्यूटन महाशय के सिर पर गिर कर आज तक न जाने कितने अरब छात्रों की आँखों की नींद और दिन का चैन छीन लिया और आगे भी छीनता रहेगा। ईश्वर उस सेब की आत्मा को कभी शान्ति प्रदान न करे। उस एक सेब के गिरने का नतीजा हुआ हिरोशिमा पर बम का गिरना—यही नहीं आज भी वियतनाम पर बम गिर रहे हैं। उस सेब के कारण हुई विनाश लीला का पूर्ण वर्णन करना हमारी कलम की ताकत से बाहर है।

अब बताइये—कोई अगर आपसे रोज एक सेब खाने के लिये कहे तो आपका मूड 'ऑफ़' होगा या नहीं ?

तारों का जीवन : उनका जन्म एवं मृत्यु

विजेन्द्र शर्मा, शोधकर्त्ता, सूक्ष्मतरंग प्रयोगशाला

बहुत से लोग रात को सोने से पहले तारे गिना करते हैं। उस समय वे तारों को तो बड़े प्यार से देख रहे होते हैं परन्तु खोए हुए होते हैं सपनों की दुनिया में। हो सकता है कि वे तारों के बारे में तो कभी सोचते भी न हों। शायद वे जागे हुए भी बड़े मीठे-मीठे सपने देखते रहते हों। चलिये हम आपको सपनों की दुनियां से दूर तारों की दुनियां में ले चलें। शायद आपको मालूम नहीं कि तारों का जीवन भी कुछ हद तक हमारे जीवन की भांति ही होता है। ये भी पैदा होते हैं और मर जाते हैं। हँसते हैं और रोते हैं। यह जान कर तो आश्चर्य होता है कि तारे आदमियों की तरह बौने (वामन) और मोटे (दानव) भी होते हैं। बौने तारे तो बहुत छोटे होते हैं जब कि दानव बहुत बड़े। और महा दानव तारों का तो कहना ही क्या ! परन्तु इनकी आयु इतनी लम्बी होती है कि आदमी अपनी हजारों पीढ़ियों के लिये भी नहीं सोच सकता। कहते हैं सतयुग में ऋषि आदि हजारों साल जीया करते थे। परन्तु उनकी भी आयु तारों की आयु के सामने कुछ भी नहीं है।

तारों की दुनिया में जाने से पहले हम आपको यह बता दें कि तारों की संहति (मास), अर्द्ध व्यास (रेडियस), ज्योति (ल्यूमिनॉसिटी) और पृष्ठताप (सरफ़ेस टैम्परेचर) के मान के संगठन (कम्बीनेशन) सम-सम्भाव्य (ईक्वली प्रॉबेबल) नहीं हैं। इससे तारों का अध्ययन बहुत रुचिकर बन जाता है। अर्द्ध व्यास ज्योति और पृष्ठताप एक दूसरे पर निर्भर नहीं करते क्योंकि तारों के पृष्ठ (सरफ़ेस) से प्रति एकक क्षेत्रफल विकरित—ऊर्जा (रेडियेटिड-एनर्जी) का मान उनकी ऊष्मा से निकाला जाता है। यदि ये तीनों राशियां एक दूसरे पर निर्भर न करें तो हम इनसे सम्बन्धित एक आरेख (डायग्राम) बना सकते हैं। चित्र में अधिकतम तारे एक संकीर्ण-बैण्ड (नैरो बैण्ड) में रहते हैं तथा इसमें बहुत-सा क्षेत्र ऐसा है जहां कोई भी तारा निवास नहीं करता। प्रायः अधिक संहति वाले तारों में अधिक ज्योति होती है और उनका पृष्ठताप कम संहति वाले तारों से अधिक होता है। या यह कह लीजिये कि अधिक ज्योति वाले तारे हँसते हैं और कम ज्योति वाले मुस्कराते हैं।

वैज्ञानिकों का विश्वास है कि तारों के गुण पांच बातों पर निर्भर करते हैं। हम एक संहत-तारा-गुच्छ (कॉम्पैक्ट-क्लस्टर आफ़ स्टार्ज़) के विषय में कल्पना कर सकते हैं। इसके अनुसार पांच कारकों (फैक्टर्स) में से चार, आरम्भिक रसायनिक संगठन (कैमिकल-कम्पोज़िशन), आयु, पृथ्वी से तारे की दूरी और दृष्टि रेखा में अदृश्य द्रव्य तारेवार बहुत कम परिवर्तित होते हैं। यदि यह सत्य है तो पांचवां और प्रमुख कारक यह है कि तारे भिन्न-भिन्न संहति के होते हैं। यह कारक तारों के प्रेक्षित (ऑब्ज़र्व्ड) गुणों में बहुत अन्तरों का उत्तरदायी है। संहति में हेर-फेर बहुत ही महत्त्वपूर्ण है।

चित्र में ज्ञात दूरी के समीपवर्ती तारों के लिए एक आरेख दिया गया है। इसे हर्ट्जस्प्रंग-रसैल आरेख कहा जाता है। तारे चार प्रमुख क्षेत्रों में आते हैं। वह बैण्ड जिसमें अत्याधिक तारे आते हैं मुख्यक्रम (मेन सीक्वैन्स) कहलाता है और दूसरे समूह दानव (जाऐंट), महा-दानव (सुपरजाऐंट) तथा श्वेत-वामन (व्हाइट-ड्वार्फ़) कहलाते हैं। तारों का नाम दानव और वामन (बौने) बहुत बड़े और बहुत छोटे अर्द्धव्यास होने के कारण रखा गया है। यह एक महत्त्वपूर्ण तथ्य है कि तारों में समयानुसार परिवर्तन आते रहते हैं क्योंकि वे आकाश में ऊर्जा विकरित करते रहते हैं। परिणामत: ह-र आरेख में सभी तारे एक समान नहीं रहते। इसलिए हम आशा करते हैं कि तारों के आरम्भिक और अन्तिम जीवनकाल में उनके गुण उनके अधिकतम जीवन के गुणों से बिल्कुल भिन्न होने चाहिए। विशिष्ट रूप से लगभग ९० प्रतिशत समीपवर्ती तारे मुख्यक्रम के तारे हैं।

मुख्य क्रम से पहले का विकास अभी तक भली-भांति समझ में नहीं आया है। हम विश्वास करते हैं कि पहली बार तारे अन्तर्तारकीय (इन्टरस्टैलर) गैस या धूल के संघनन (कंडैन्सेशन) से बने। जब दो धूल के कण आपस में संघनित होते हैं तो उनकी गुरुत्वाकर्षी ऊर्जा बढ़ जाती है तथा वे और अधिक कणों को आकर्षित करते हैं। इस प्रकार—गुरुत्वाकर्षण—बल बढ़ता जाता है और परिणामत: तारे का आकार बढ़ता चला जाता है। यह तब तक होता रहता है जब तक गुरुत्वाकर्षी दाब (प्रेशर) ताप को इतना बढ़ा दे कि ताप-नाभिकीय-अभिक्रिया (थरमोन्यूक्लीयर-रिऐक्शन) हाईड्रोजन को हीलियम में बदलने लगे। इन अभिक्रियाओं से निकली विशाल ऊर्जा तारे के केन्द्र से एक प्रति-दाब (काउंटर-प्रैशर) उत्पन्न करती है। यह प्रतिदाब गुरुत्वाकर्षी संघनन को पूर्णतया सन्तुलित (बैलेन्स) कर लेता है। इस सन्तुलित अवस्था (ईक्वलीब्रीयम पोज़ीशन) में तारा उस समय से भी अधिक समय तक चमकता है जोकि इसके बनने के लिए धूल और गैस के संघनन के लिये चाहिए। इस लेख में हम उदाहरण के लिये एक ऐसे तारे को चुनते हैं जिसकी संहति सूर्य की संहति के सवा गुणा के बराबर है। ऐसे तारे के लिए संघनन लगभग १०^{8} वर्षों तक चलता रहता है। इस प्रकार आरम्भिक अवस्था में तारा बहुत बड़े अर्द्धव्यास और बहुत कम ज्योति व पृष्ठताप का होता है। अर्थात् एकनव-उत्पन्न तारा ह-र आरेख में दाईं ओर स्थान प्राप्त करता है। तारे की उपरोक्त संतुलित अवस्था मुख्यक्रम अवस्था होती है। मुख्यक्रम-विकास एक वह क्रिया है जिसमें तारों का अर्द्धव्यास कम और ज्योति व पृष्ठताप धीरे-धीरे अधिक होता जाता है। मुख्यक्रम से पूर्व ऊर्जा परिवहन विकरण (रेडियेशन) से होती है। इस कल्पना से परिकलनों (कैल्कूलेशन्स) के परिणामस्वरूप पृष्ठताप धीरे-धीरे बढ़ता है और अर्द्धव्यास घटता है परन्तु मुख्यक्रम आने के जरा पहले एक समय ऐसा आता है जब तारों की ज्योति अधिकतम होती है। ह्याशी ने इस सत्य की व्याख्या दी है कि सब से पहली अवस्थाओं में तारकीय द्रव्य विकरण के लिए अपारदर्शक (ओपेक) की अपेक्षा पारदर्शक (ट्रांसपेरेन्ट) होता है और जैसे-जैसे तारा सिकुड़ता है ज्योति बड़ी तेजी से बढ़ती है। अन्त में तारा अपारदर्शी बन जाता है तथा विकरण को अपने अन्दर समा लेता है। इस प्रकार इस अवस्था में ज्योति घट जाती है।

बहुत से परिणामों के अनुसार मुख्यक्रम तारे वास्तव में समरूप (होमोजीनियस) रसायनिक संगठन के होते हैं। ये तारे अपने अंतरंग में हाईड्रोजन को जलाकर धीरे-धीरे हीलियम में बदल देते हैं। मुख्यक्रम तारे अपनी ऊर्जा हाईड्रोजन के हीलियम में परिवर्तन से ग्रहण करते हैं। मुख्यक्रम स्थिति में तारों के गुण बहुत धीरे बदलते हैं। सौभाग्यवश मुख्यक्रम तारों की रचना और उनके पिछले जीवन में

लगभग कोई भी सम्बन्ध नहीं है। तारे की मुख्यक्रम पर स्थिति मुख्यतः उसकी संहति के द्वारा और और कुछ सीमा तक उसके संगठन के द्वारा निकाली जाती है। परन्तु इस पर तारे का जीवनकाल इनकी गुल्ली (कोर) में हाईड्रोजन की कुल संहति और हाईड्रोजन की खपत की दर से निकाला जाता है। ये दोनों कारक तारे की मुख्यक्रम स्थिति पर निर्भर करते हैं। चित्र से भी स्पष्ट है कि अधिक संहति वाले तारों में अधिक ज्योति होती है। ज्योति, जो कि ईंधन की खपत की दर की सूचक है, तारे की संहति की चोथी शक्ति के साथ बढ़ती है। परिणामतः सर्वाधिक संहति वाले तारे अपना द्रव्य बड़ी तेजी के साथ प्रयोग कर लेते हैं और इस प्रकार इनका जीवनकाल साम्यवस्था में सब से कम होता है।

सर्वाधिक गर्म तारों को पदनाम अक्षर 'ओ' (ओ) से देते हैं। पदनाम 'ओ' के बाद तारों का वर्गीकरण (क्लासीफिकेशन) अवरोही क्रम (डीसेन्डिंग आर्डर) से अक्षरों 'ब', 'अ', 'फ़', 'ग', 'क' और 'म' (बी, ए, एफ़, जी, के, और एम) से किया जाता है। ये वर्ग प्रायः वर्णक्रम-जाति (स्पैक्ट्रल टाईप) कहलाते हैं। इन वर्गों को फिर शून्य से नौ अंकों द्वारा विभाजित किया जाता है, जिन्हें पदनाम अक्षरों के बाद में लिखते हैं। इस प्रकार के विभाजन के अनुसार प्रथम—'ब' जाति तारों में 'ब0' से 'ब0४' तक और अन्तिम—'ब' जाति में 'ब५' से 'ब९' तक के तारे आते हैं। प्रथम जाति के तारे अन्तिम जाति के तारों से गर्म होते हैं। एक प्रथम—'फ' जाति तारा अन्तिम—'फ' जाति तारे से अधिक गर्म होता है जोकि सूर्य जैसे प्रथम—'ग' जाति तारे से अधिक गर्म होता है।

पृथ्वी-पटल (अर्थ-क्रस्ट) में विघटनात्मिक (रेड़ियोएक्टिव) तत्त्वों के गुणों से यह पता लगता है कि पृथ्वी लगभग ४.५×१०^९ वर्षों से ठोस है। मुख्यक्रम के भिन्न-भिन्न संहति वाले तारों के जीवन—समयों के अनुमानों के महत्त्वपूर्ण परिणामस्वरूप और संहति से सवा गुने से भी अधिक संहति वाले तारे उस समय नहीं थे, जब पृथ्वी ठोस रूप में परिणित हुई थी। ये अनुमान हाईड्रोजन जला रहे तारों के विकास के नवीनतम परिकलनों पर निर्भर है। सूर्य लगभग ५×१०^९ वर्ष पहले मुख्यक्रम पर आया था और लगभग इतने ही वर्ष इस पर और रहेगा। सूर्य की ज्योति में पिछले $१०^९$ वर्षों में कोई सार्थक परिवर्तन नहीं आया है।

तारों की मुख्यक्रम स्थिति से पूर्व का जीवनकाल गुरुत्वाकर्षी ऊर्जा पर निर्भर करता है। इससे पता चलता है कि मुख्यक्रम से पहले का जीवनकाल सूर्य के लिये ३×१०^७ वर्षों और अन्य सभी तारों के लिये, जोकि प्रेक्षित —संहति परास (रेन्ज) में है, लगभग $४\text{-}५ \times १०^९$ वर्षों का है। यह देखा जा सकता है कि सूर्य की संहति से १५ गुने से भी अधिक संहति वाले तारे शायद पिछले $१०^७$ वर्षों में बने होंगे। सभी तारकीय वस्तुयें एक ही साथ नहीं बनी बल्कि अभी भी बन रही हैं। यह सबसे अधिक ध्यान देने का विषय है कि यह तारे अवस्तु (नथिंग) में से नहीं बन रहे हैं। तारों के बनने के लिये कच्चा माल आज भी मिलता है क्योंकि अन्तर्तारकीय द्रव्य अभी भी विद्यमान हैं। कुछ तारे ऐसे हैं जो बहुत पहले बने और आज भी चमकते हैं परन्तु कुछ ऐसे भी हैं जो बहुत पहले ही अपना जीवन समाप्त कर चुके हैं। जब कभी एक तारा अपनी संहति अन्तर्तारकीय क्षेत्र में खो देता है तो वह आगामी तारों के बनने के लिये सामग्री बन जाता है।

मुख्यक्रम छोड़ने में एक तारे में से इतनी ऊर्जा निकलती है कि वह अपने ग्रहों पर विद्यमान प्राणियों के जीवन को नष्ट कर देती है। इस प्रकार जीवन के सम्बन्ध में तारे के विकास की केवल

मुख्यक्रम स्थिति ही महत्वपूर्ण है। 'ओ' और प्रथम—'ब' तारे अधिक संहति के होते हैं और ये कम ज्योति व संहति के तारों की अपेक्षा कहीं अधिक तेजी से जलते हैं। इनका मुख्यक्रम पर जीवनकाल $१०^{६}$ से $१०^{७}$ वर्षों का होता है। परन्तु छोटे 'म' तारे मुख्यक्रम पर $१०^{१४}$ से भी अधिक वर्षों तक रहते हैं। 'ओ', 'ब' और 'अ' जातियों में से किसी भी तारे का स्थिर जीवनकाल ३×१०^{१२} वर्षों से अधिक नहीं है। इसलिये इनके ग्रहों पर जीव-सम्बन्धी विकास अधिक देर तक नहीं हो सकता। केवल 'फ4' से आगे तारे पर्याप्त समय तक साम्यावस्था में रह सकते हैं और उनके ग्रहों पर जीव सम्बन्धी विकास होता है।

यदि केवल समय ही एक क्रान्तिक शर्त होती तो अन्तिम—'क' और 'म' तारों के पास सबसे अधिक जीवन-युक्त ग्रह होते। परन्तु इन तारों की कम ज्योति होती है और वह क्षेत्र भी कम होता है जिसमें ग्रह तारों के चारों ओर चक्कर लगाते हैं। अधिक ज्योति वाला तारा कम ज्योति वाले की अपेक्षा अधिक क्षेत्र को गर्म कर सकता है। तारा किसी सर्द रात्रि में आग के समान होता है। जितनी अधिक आग होगी उतना ही अधिक उसके चारों ओर क्षेत्र होता है जिसमें वातावरण न ही अधिक गर्म और न ही अधिक ठण्डा होता है। इसीलिये अन्तिम—'क' और 'म' तारों के ग्रहों में प्राणी जीवन होने का बहुत कम अवसर है। फिर भी क्योंकि 'म' तारे 'ग' तारों से दस गुना अधिक हैं इसलिए 'म' तारों के जीवन-युक्त ग्रहों की संख्या बिल्कुल ही कम नहीं है।

अन्तिम—'फ', 'ग' और प्रथम—'क' जातियों के तारों में जीवन के सर्वाधिक अनुकूल वातावरण पाया गया है। आकाश गंगा के दस प्रतिशत अर्थात् २×१०^{१४} तारों में से २×१०^{१३} तारों में जीवन का अनुमान है। वैसे एक तीसरे कारक से यह संख्या काफी कम हो जाती है। यह कारक स्थायी-ग्रहीय-कक्षा (स्टेबल प्लैनेट्री-ऑरबिट) का बनाये रखना है। ऐसा लगता है कि सारी आकाश गंगा में जीवन प्रकीर्णित (स्कैटर्ड) है। दूसरे तारों में भी जीवन के लिये अनुकूल वातावरण विद्यमान है। परन्तु आश्चर्य तो यह है कि दूसरे ग्रहों से कोई भी अतिथि हमारे यहां नहीं आया है। इसका सबसे बड़ा कारण हमारे बीच की दूरी है जिसे तय करने में लाखों वर्ष लग जाते हैं। इतने सयय के लिए एक आदमी का जीवन असंभव है।

मुख्यक्रम के पश्चात् ह-र आरेख में तारों का प्रमुख समूह लालदानव और महादानव है। मज़ाक के तौर पर हम इनको मोटे तारे कह सकते हैं। मोटे आदमी प्रायः हँसते रहते हैं। कुछ ऐसी ही बात इन दानव तारों के साथ भी है। यहाँ पर अधिक ज्योति की तुलना हँसने से की गई है। जब नाभिकीय अभिक्रिया तारों के अंतरंग में रसायनिक संगठन की समरूपता को भंग कर देती है तो तारे लालदानव बन जाते हैं। यदि हाईड्रोजन जला रहे तारे रसायन समरूप रहे जैसे कि वे उत्पन्न होते हैं तो वे मुख्यक्रम के समीप ही रहेंगे। तारा लालदानव तब तक बना रहता है जब तक मिश्रण-धारायें (मिक्सिंग-करैन्ट्स) एक बार फिर तारे को समरूप नहीं बना देती। एक तारा लालदानव की स्थिति में सीमित समय व्यतीत करता है और यह अपने जीवनकाल में कई बार लालदानव बन सकता है।

मुख्यक्रम से दूर तारों के विकास की प्रथम निर्णायक अवस्था तब आती है जब केन्द्रीय हाईड्रोजन अंश शून्य हो जाता है। इस अवस्था से पहले तारों की ज्योति धीरे-धीरे बढ़ती है परन्तु यह प्रायः मुख्यक्रम में ही रहते हैं। जब केन्द्र में हाईड्रोजन समाप्त हो जाती है तो केन्द्रीय क्षेत्र नाभिकीय ऊर्जा

उत्पन्न करना बन्द कर देता है। बल्कि वे गुरुत्वाकर्षण ऊर्जा की विमुक्ति पुनर्ग्रहण कर लेते हैं और वे पहले दृष्टान्त में ही सिकुड़ना आरम्भ कर देते हैं। तारों के विकास में समतापी-गुल्ली (आईसो-थरमल कोर) के पूरे तारे की 10 प्रतिशत से 15 प्रतिशत तक संहति की होते ही नाटकीय परिवर्तन होता है। इस क्रान्तिक संहति को श्योनबर्ग—चन्द्रशेखर सीमान्त संहति कहते हैं। इस क्रान्तिक संहति के आने पर तारे की आन्तरिक परतें तेजी से सिकुड़ने लगती हैं और गर्म हो जाती हैं। इसके साथ ही तारे के अर्द्धव्यास में पूर्ण रूप से विकास होने लगता है। परिकलनों के अनुसार तारा ज्योति में बिना किसी परिवर्तन के फैलता है और यह लालदानव बन जाता है अर्थात् तारा तेजी से ह-र आरेख में दाईं ओर चला जाता है।

विकास की कुछ अवस्थाओं में यद्यपि तारा पृष्ठताप में थोड़ा-सा परिवर्तन दिखाता है परन्तु फिर भी यह ह-र आरेख में आरम्भिक मुख्यक्रम से अधिक दूर नहीं जाता। यह विधि प्रेक्षित मुख्यक्रम की परिणित चौड़ाई का आभास दिलाती है। इस प्रकार तारों के पृष्ठ-गुणों (सरफ़ेस प्रॉपरटीज़) से यह कहना असम्भव है कि तारा अभी-अभी मुख्यक्रम पर पहुँचा है या इसने लगभग अपनी सारी केन्द्रीय हाईड्रोजन प्रयोग कर ली है और वह मुख्यक्रम पर अपनी आरम्भिक अवस्था से कुछ दूर चला गया है।

कम संहति वाले तारे केवल एक छोटी सी सनयी-गुल्ली (कनवैक्टिव-कोर) रखते हैं अर्थात् जब हाईड्रोजन प्रयोग हो चुकती है तो इसका केवल एक बहुत ही कम क्षेत्र में विकास होता है। परिणामतः एक छोटी-सी समतापी गुल्ली बन जाती है। यह गुल्ली श्योनबर्ग-चन्द्रशेखर सीमा के तुल्य संहति होने से बहुत पहले ही सिकुड़ना आरम्भ कर देती है। अल्प संहति वाले तारों की उच्च संहति वाले तारों की अपेक्षा मुख्यक्रम से दूर जाने की गति कम तेज़ होती है।

जब तक तारकीय पदार्थ एक आदर्श-गैस (आइडियल-गैस) के रूप में रहता है, इसका केन्द्रीय ताप केवल इसके विकास के अनुसार बढ़ सकता है। यदि तारे का केन्द्र आदर्श-गैस नहीं रहता तो यह संभव है कि केन्द्रीय ताप अधिकतम ताप से गुजर सकता है और यह ठण्डा हो सकता है। इस प्रकार तारा मर जाता है। सम्भवता ऐसे मरने वाले तारों की कम ज्योति और अधिक घनत्व होता है। इस प्रकार से कम ज्योति और अधिक घनत्व वाले तारे देखे गये हैं। इन्हें श्वेत-वामन कहते हैं। श्वेत-वामन तारे के एक दियासलाई की डिब्बी जितने पदार्थ का भार एक टन के लगभग होता है। जो श्वेत वामन तारे देखे गये हैं उनका पृष्ठताप विशिष्ट रूप से कम नहीं है। परन्तु हम यह आशा करते हैं कि एक मरने वाले तारे का अस्तित्व बहुत कम पृष्ठताप के साथ होता है। फिर भी परिचित श्वेत-वामन तारों की ज्योति पृष्ठताप के अनुसार घटती है। इसका यह तात्पर्य है कि यदि बहुत ही कम पृष्ठताप के श्वेत-वामन तारे हों भी तो वे इतने मन्द अर्थात् कम ज्योति वाले होते हैं कि देखे नहीं जा सकते चाहे वे सूर्य के बिल्कुल ही समीप क्यों न हों। इनके लिये हम यह कह सकते हैं हंसना तो क्या ये मुस्कराते भी नहीं अर्थात् ये रोते रहते हैं।

यह पाया गया है कि जैसे-जैसे केन्द्रीय घनत्व बढ़ता है वैसे-वैसे संहति बढ़ती जाती है और अर्द्धव्यास कम होता जाता है। हम अधिक से अधिक केन्द्रीय घनत्व की मात्रा पर विचार कर सकते हैं। परन्तु तारे की संहति बिना सीमा के नहीं बढ़ती बल्कि इसकी प्रवृति श्योनवर्ग-चन्द्रशेखर सीमा पर पहुँचने की होती है। इस सीमा को एक भौतिक सीमा की अपेक्षा गणितीय सीमा माना जाना चाहिए। बहुत अधिक घनत्व पर प्रोटॉन और इलैक्टॉन आपस में मिल जाते हैं और तारा पूर्णतया एक न्यूट्रान

तारा बन जाता है । ऐसे न्यूट्रान तारे देखे गये हैं । इन तारों के लिए अधिकतम सम्भव संहति प्रतीत होती है । संहति की मात्रा भली-भाँति नहीं पता है परन्तु यह माना गया है कि यह मात्रा श्वेत-वामन तारे की अधिकतम मात्रा से भी अधिक होती है । इस संहति के ऊपर यदि वर्तमान भौतिक नियम ठीक हैं तो तारे एक ऐसे तीव्र गुरुत्वाकर्षी अन्त में प्रवेश करते हैं जिसे रोका नहीं जा सकता । जबकि गुरुत्वाकर्षी अन्त या विनाश की अवस्था, उन तारों की जिनका घनत्व न्यूट्रॉन तारों से भी अधिक होता है, वह कल्पित अवस्था है जिसमें तारों का अर्द्धव्यास शून्य और घनत्व असीमित होता है ।

तारों के जन्म और मृत्यु की संक्षेप में व्याख्या इस प्रकार की जा सकती है । एक तारे का सम्भव विकास धूल के संघनन से शुरु होता है । यह संघनन लगभग $१०^{७}$ वर्षों तक चलती रहती है । उसके बाद तारा मुख्यक्रम में पदार्पण करता है और यहाँ लगभग ८×१०^{१२} वर्ष व्यतीत करता है । तब यह फैल कर लालदानव की स्थिति में आता है । इस स्थिति में आकर यह पहले अपने ग्रहों पर विद्यमान जीवन को नष्ट करता है और फिर उन्हें जला देता है । यह स्थिति लगभग $१०^{६}$ वर्षों में समाप्त होती है । तत्पश्चात् तारा प्रत्येक कई घण्टों के बाद अपनी ज्योति का स्पन्दन (पल्सेशन) करता है । यह स्पन्दन हजारों वर्ष तक होता रहता है और इसका नवतारे (नोवा) में विस्फोटन (एक्सप्लोथन) हो जाता है । अन्ततः यह सिकुड़ कर श्वेत-वामन बन जाता है । लालदानव के पश्चात् से लेकर श्वेत-वामन के बीच का समय अभी मालूम नहीं है ।

(पाठक यदि तारों के विषय में विस्तार से अध्ययन करना चाहें तो वे १९६० के साईंटिफिक अमेरिकन में सु० शू० हुआंग के लेख और टेलर की पुस्तक दी स्टार्स : देयर स्ट्रक्चर एण्ड इवाल्यूशन को पढ़ें ।)

चित्र

समीपवर्ती तारों के लिए हर्ट्जस्प्रुंग-रसेल आरेख। बांई ओर खड़ा मापक्रम (वर्टीकल स्केल) ज्योति के लिए हैं, जब कि सूर्य की ज्योति एक मानी गई है। मुख्यक्रम पर तारों के नीचे लिखे अंक उनकी और सूर्य की संहति की अनुपात है। सौर संहति से १.२ गुना संहति के एक विशेष तारे का १.२ वैकासिक मार्ग भी दिखाया गया है। इस मार्ग पर लिखे अंक तारकीय विकास की भिन्न-भिन्न अवस्थाओं के सूचक हैं। स्थिति—१ में तारा धूल के संघनन से बनना शुरु होता है और लगभग १०^{8} वर्षों के बाद तारा स्थिति—२ में पहुँचता है जोकि मुख्यक्रम की स्थिति है। इस स्थिति में वह लगभग ८ × १०^{१२} वर्ष तक रहता है। स्थिति—३ में यह फैल कर स्थिति—४ में लालदानव बन जाता है और ५ में यह स्पन्दन करता है। स्थिति—६ की टूटी रेखा श्वेतवामन स्थिति (स्थिति—७) में जाने के लिये तारे के मार्ग की अनिश्चितता की सूचक है।


(अंश °के.)
तापक्रम (°के.)
20,000
15,000
10,000
9,000
8,000
7,000
6,000
5,000
4,000
3,000
10^5
10^4
10^3
10^2
10
10^{-1}
10^{-2}
10^{-3}
10^{-4}
10^{-5}
महा-दानव
दानव
सूर्य
श्वेत-वामन
मुख्यक्रम
ज्योति
.008
.08
4
2
4
6
3
30
70
100
मुख्य क्रम पर जीवन काल ($\times 10^{12}$ वर्ष)
1.8
1.5
1.3
.7
.5
.3
-ओ
ब
-अ
फ़
ग
क
म
वर्णक्रम - जाति

मोसबार प्रभाव और उसकी उपयोगिता

राकेश कुमार पोपली, विज्ञान निष्णात (पूर्वार्ध)

"यह हो सकता है।"

"असम्भव।"

"मैं आज ही शुरू किये देता हूँ।"

"नहीं हो सकता, मैं शर्त बद सकता हूँ।"

"मंजूर है।"

यह वार्तालाप लॉस अलेमस प्रयोगशाला के दो शोधकर्ताओं के बीच हुआ। एक को मोसबार प्रभाव पर विश्वास था; दूसरे को नहीं। पहले वैज्ञानिक ने इस सम्बन्ध में प्रयोग किये और शर्त जीत ली।

सचमुच जब 1958 में रडॉल्फ मोसबार ने "मोसबार प्रभाव" की खोज की तो किसी ने इस ओर ध्यान ही नहीं दिया, और किसी एकाध ने ध्यान दिया भी तो विश्वास नहीं किया।

आखिर यह प्रभाव है क्या ? यह तो कि केलास (Crystal) में बँधा कोई नाभिक (Nucleus) जब γ-किरण फेंकता है तो केलास स्वयं प्रतिक्षेप (Recoil) के फलस्वरूप कुछ भी ऊर्जा (Energy) नहीं लेता और पूरी ऊर्जा γ-किरण को दे देता है। इसमें क्या है ? साधारण सी बात है। परन्तु समय बीतने के साथ-2 इस "साधारण-सी बात" का महत्व इतनी तेजी से बढ़ा कि 1960,1961 और 1964 में इस विषय पर तीन अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन हुए। यही नहीं, 1961 में मोसबार को नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया।

इस्राइली वैज्ञानिक हैरी लिपकिन ने अपने एक निजी पत्र में इस प्रभाव का बड़ा रोचक इतिहास लिखा है जो इस प्रकार है :—

कालखंड	समय	टिप्पणी
प्रागैतिहासिक	 1958	खोज हो सकती थी; हुई नहीं।
आरंभिक-इरिडियम (I_r^{191})-युग	1958	खोज हुई ; ध्यान नहीं दिया गया।
मध्य-इरिडियम-युग	1958-1959	ध्यान दिया गया ; विश्वास नहीं किया गया।
उत्तर-इरिडियम-युग	1959	विश्वास आया ; रोचक नहीं।
लोह (F_e^{57})-युग	1959-1960	वाह ! !

लोहे में मोसबार प्रभाव की खोज के साथ ही विज्ञान-जगत में तहलका मच गया, क्योंकि इसके भौतिकी के हर क्षेत्र में बहुत उपयोग हो सकते थे। अतः 1960 के आसपास अनेक वैज्ञानिक मोसबार के प्रयोगों को दुहराने लगे और अनेक वैज्ञानिकों ने भिन्न-भिन्न तत्वों में इस प्रभाव की खोज की।

सिद्धान्त (Theory) :—मान लीजिए कि एक नाभिक एक ऊर्जा-स्तर (E_1) से दूसरे, नीचे स्तर (E_2) पर आता है (चित्र 1) और इस प्रक्रिया में एक γ-किरण फेंकता है। संवेग संरक्षण



चित्र 1

(Conservation of Momentum) के सिद्धान्त के अनुसार नाभिक स्वयं उल्टी दिशा में चलेगा। उसका संवेग होगा :

$$P = -p_y$$

जहाँ p_y γ-किरण का संवेग है। इस प्रकार यह नाभिक कुछ ऊर्जा, E_N, प्राप्त कर लेगा :

$$E_N = \frac{P^2}{2m} = \frac{p_y^2}{2m}$$

γ-किरण को मिलने वाली उर्जा होगी :

$$E_\gamma = \triangle E - E_N \text{ जहाँ } \triangle E = E_1 - E_2$$

यदि इसी प्रकार का एक नाभिक γ-किरण ग्रहण (Absorb) करके E_2 से E_1 स्तर पर पहुँच जाता है तो E_N ऊर्जा उसके प्रतिक्षेप के लिए चाहिए ; अतः γ-किरण की ऊर्जा $E_N + \triangle E$ होनी चाहिए। फलतः फेंकी हुई या प्रक्षेपित और ग्रहण की जा सकने वाली γ-किरणों की उर्जा भिन्न-2 होगी (चित्र 2 में प्रक्षेपण और ग्रहण की रेखाएँ 'अनिश्चितता-सिद्धान्त' (Uncertainty Principle) के अनुसार



चित्र 2

फैली हुई हैं।) सार यह कि एक नाभिक द्वारा फेंकी गई γ-किरण को दूसरा वैसा ही नाभिक ग्रहण नहीं करेगा। किन्तु यदि फेंकने वाला नाभिक केलास में बँधा हो तो ? तब $E_N = \frac{P_\gamma^2}{2M}$,

जहाँ M पूरे नाभिक की संहति है, जो कि बहुत अधिक है। अतः $E_N \simeq O$; इसी प्रकार दूसरा नाभिक भी बँधा हो तो दोनों (प्रक्षेपण और ग्रहण) रेखाएँ $\triangle E$ पर आकर मिल जाएँगी। यही मोसबार प्रभाव है।

अब यदि एक γ-किरण केलास 1 से चले और रास्ते में किसी प्रकार उसकी आवृत्ति (Frequency) थोड़ी बदल जाए (चित्र 3) तो वह दूसरे केलास द्वारा "पूर्णतया" ग्रहण नहीं होगी,



चित्र 3

अर्थात् ग्रहण होने की प्रायिकता (Probability) कुछ कम हो जाएगी। यह प्रायिकता में कमी निश्चित रूप से मालूम की जा सकती है और इस प्रकार रास्ते में होने वाली बदल, δ, का मान ज्ञात किया जा सकता है। अब इसके कुछ उपयोगों की चर्चा करते हैं।

सापेक्षिकता (Relativity) :— इस सिद्धान्त के कई परिणामों को मोसबार प्रभाव के द्वारा प्रमाणित किया जा चुका है। उनमें उल्लेखनीय है— गुरुत्वाकर्षीय रक्त-सरण (Gravitational Red-Shift)। सापेक्षिकता के अनुसार, सूर्य से जब किरणें बाहर की ओर चलती हैं तब उनकी ऊर्जा कम होती जाती है— ठीक उसी प्रकार जैसे पृथ्वी-तल से ऊपर फेंके गये पत्थर की गति घटती जाती है— क्योंकि फ़ोटोन का भी भार होता है। अतः जब पृथ्वी पर ये किरणें पहुँचती हैं तो सबकी आवृत्ति मूल आवृत्ति से कम होती है जिससे वर्णक्रम (Spectrum) की सभी रेखाएँ लाल रंग की ओर सरक जाती हैं। इसी का नाम रक्त-सरण है।

साधारण रीति से इस सरण को मापना असम्भव है क्योंकि एक तो यह सरण बहुत थोड़ा होता है, और फिर, सूर्य में तीव्र गति से चलने वाले कणों से उत्पन्न हुआ डॉप्लर प्रभाव इसे पूरी तरह ढक लेता है। तो क्या पृथ्वी पर इसे मापने का कार्य हो सकता है ? क्यों नहीं। पृथ्वी तल पर यदि एक फ़ोटोन को नीचे गिराया जाये तो सापेक्षिकता के अनुसार उसकी आवृत्ति बढ़ेगी तो सही (अतः यह 'रक्त-सरण' न होकर 'बैंगनी-सरण' होगा।), परन्तु यह अन्तर बहुत थोड़ा होगा : फ़ोटोन के 10 मीटर गिरने पर केवल 10^{15}वाँ भाग ! मोसबार प्रभाव का कमाल है कि इसके उपयोग से इस सूक्ष्म अन्तर को भी ठीक-कभी माप लिया गया है। इस कार्य को सर्वप्रथम करने का श्रेय पाउंड और रेब्का को है।

इसी प्रकार आवृत्ति के सूक्ष्म अन्तरों के मापन के द्वारा द्वितीय-कोटि-डॉप्लर-प्रभाव (Second-Order-Doppler-Effect) और सापेक्षिकता के अन्य कई परिणामों की सत्यता प्रमाणित की गई है।

ठोस अवस्था (Selid State) **भौतिकी** :—यहाँ भी मोसबार प्रभाव अत्यन्त उपयोगी सिद्ध हुआ है। उदाहरणार्थ केलास के आन्तरिक चुम्बकत्व का बहुत गहरा अध्ययन इस प्रभाव के कारण सम्भव हुआ है। लोहे के नाभिक के आस-पास चुम्बकीय बलक्षेत्र (Magnetic Field) का मान कितना होगा ? उसकी क्या दिशा होगी ? केलास में उपस्थित अशुद्धियों और अपूर्णताओं (Imper Fections) का इस पर क्या प्रभाव होगा ? इत्यादि जटिल प्रश्नों के उत्तर इस प्रभाव की सहायता से दिये गए हैं जो कुछ स्थानों पर सिद्धान्तों के अनुकूल हैं और कहीं पर नहीं हैं। दूसरी प्रकार की स्थितियों में सिद्धान्तों में संशोधन किये गए हैं। यही नहीं, इस प्रभाव का अति निम्न तापमानों पर थर्मामीटर के रूप में उपयोग किया गया है। आज भी इस सम्बन्ध में शोध-कार्य निरन्तर चल रहा है।

नाभिकीय भौतिकी में भी मोसबार प्रभाव कुछ कम उपयोगी नहीं हैं। उदाहरणार्थ :—

(क) γ-किरण-रेखा की चौड़ाई का शुद्ध माप करके संबंधित ऊर्जा-स्तर का जीवनकाल (Life time) ज्ञात किया जाता है।

(ख) किसी नाभिक के दो ऊर्जा-स्तरों की 'स्पिन' O और I हो तो चुम्बकीय क्षेत्र में रखने पर उसके द्वारा प्रक्षेपित γ-किरणें एक ही आवृत्ति की नहीं होंगी अपितु $2I+1$ अलग-2 आवृत्तियों की होंगी। इन भिन्न-2 खण्डों की गिनती करके I का मान ज्ञान किया जा सकता है।

(ग) जिस प्रकार नाभिकीय ढाँचे में अन्तर होने के कारण आइसोटोपों का वर्णक्रम (Spectrum) भिन्न होता है, उसी प्रकार बाहरी इलैक्ट्रॉनों के तरंग-फलन (Wave-Function) में अन्तर होने के कारण नाभिकीय γ-किरणों के वर्णक्रम में भी सूक्ष्म अन्तर आ जाते हैं, अर्थात् यदि दो नाभिक एक से हों परन्तु उनके बाहर के इलैक्ट्रॉन भिन्न-2 ऊर्जा-स्तरों पर हों तो उनके वर्णक्रम में थोड़ा अन्तर होगा। इस अन्तर को मोसबार प्रभाव के द्वारा देखा और मापा जा सकता है ; अतः भिन्न-2 ऊर्जा स्तरों वाले इक्लैक्ट्रानों के तरंग-फलनों का मात्रात्मक (Quantitative) अध्ययन किया जा सकता है।

आजकल मोसबार प्रभाव विज्ञान के लगभग सभी क्षेत्रों पर छा गया है। जीवभौतिकी (Biophysies) और रसायन में इसके अनेक उपयोग हैं। उदाहरणतया, कोयले की खान में लगे मज़दूरों को अक्सर 'लिमोसाइडरोसिस' नामक रोग हो जाता है। मोसबार प्रभाव की मदद से यह पाया गया है कि ऐसे रोगियों के रक्त में लोहे का आयन F_e^{3+} अधिक मात्रा में होता है जो कि किसी सूक्ष्म (Fine), और कम अणुभार (Mol. Wt.) वाले यौगिक के रूप में होता है।

जमे हुए घोलों (Solutions) में इस प्रभाव के प्रयोग से अनेक अनुसंधान किये जा रहे हैं—जैसे घोल में आयन का व्यवहार।

1964 में हुए मोसबार प्रभाव सम्मेलन में एक प्रतिनिधि ने कहा था, "यह इस प्रकार का अन्तिम सम्मेलन है।" सचमुच, इस प्रभाव का उपयोग इतने विभिन्न क्षेत्रों में है कि एक विषय के रूप में इसका अध्ययन करना असंभव हो गया है।

गणितज्ञो के रोचक प्रसंग

राजकुमार गुप्ता, विज्ञान निष्णात (पूर्वार्ध)

कार्ल फ्रेडरिक गाउस Karl Frtedrich Gauss—जर्मनी का एक महान गणितज्ञ हुआ है जिनका जीवन काल १७७५-१८५५ था। ये एक राजा के पुत्र थे। इनके पिता में कोई प्रतिभा नहीं थी। वह तो यही चाहते थे कि उनका पुत्र भी उनकी भाँति एक मज़दूर बन कर-अपनी जीविका अर्जन करे। यदि उनकी चली होती तो गाउस इससे अधिक कुछ न बन पाता। किन्तु इनकी माता सदैव इनका पक्ष लिया करती थी। उन्हें अपने पुत्र से बड़ी आशाएँ थीं।

एक दिन गाउस की माँ ने उनके एक बहुत ही निकट मित्र बोलिये से पूछा कि उसके विचार में गाउस बड़ा होकर क्या बनेगा, 'यूरोप का सबसे बड़ा गणितज्ञ', बोलिये का उत्तर था। और उसकी भविष्यवाणी ठीक ही निकली।

अब सुनिये गाउस के बचपन के कुछ रोचक संस्मरण।

गाउस कोई तीन वर्ष के रहे होंगे। इनके पिता जी मज़दूरों के साप्ताहिक वेतन का हिसाब किताब कर रहे थे, वे भी वहाँ बैठे हुए थे और ध्यान से अपने पिता को हिसाब करते देख रहे थे कि अचानक वे चिल्ला उठे, "हिसाब में गलती है ! आहा ! जी ! हिसाब में ग़लती है ! पैसे इतने नहीं, इतने होने चाहिये" पिता ने दुबारा हिसाब किया तो पाया कि बच्चे गाउस की बात सत्य थी। तीन वर्ष के बच्चे में इतनी प्रतिभा का उदाहरण बिरले ही और कहीं मिलेगा।

गाउस की अवस्था दस वर्ष की थी। उसने तीन वर्ष पहले ही एक स्कूल में प्रवेश लिया था। स्कूल के प्राध्यापक बटनर (Buttner) महोदय बड़ी क्रूरता से अपने डडे का प्रयोग करते थे, इन साहब को गाउस से तो कुछ चिढ़ विशेष थी।

एक दिन बटनर ने सारी कक्षा को जोड़ का एक प्रश्न दिया। प्रश्न यह था—

योग निकालो,

८१२९७ + ८१४९५ + ८१६९३ + ...१०० पदों तक।

उन दिनों तक किसी बच्चे ने समान्तर श्रेणी (A.P.) का नाम भी नहीं सुना था। बटनर स्वयं तो ऐसे प्रश्नों का उत्तर सूत्र (formula) द्वारा निकाल लिया करते थे। लेकिन लड़कों से वे यही कि वे आशा करते थे पूरे १०० पद अलग अलग लिखकर जोड़ेंगे। लेकिन यह क्या ? ? ? वे प्रश्न ही बोल पाये थे कि गाउस ने तुरन्त उसका उत्तर लिख कर स्लेट मेज़ पर रख दी। अन्य कोई भी विद्यार्थी उस प्रश्न को पूरे घंटे में भी हल नहीं कर पाया गाउस का हल भी ठीक था। उस दिन से गाउस पर

बटनर रहमदिल हो गया। बटनर ने उसे उस दिन अंकगणित की एक पुस्तक खरीदकर दी। वह उसके विषय में कहा करता था, "इस लड़के को मैं कुछ और नहीं पढ़ा सकता।"

गाउस ने जिस वस्तु पर हाथ रख दिया वह सोना हो गयी। इनकी प्रमुख रुचि तो अंकगणित में थी किन्तु चुम्बकत्व, ज्योतिष (Astronomy), भूमिति—सभी क्षेत्रों में इनका कार्य युग-प्रवर्तक रहा है।

इनकी सबसे प्रसिद्ध पुस्तक (Dlsquisitiones) है जिसने गणितीय जगत् में तहलका मचा दिया था। गाउस ने बैसल (Bessel) को अपना 'वैश्लेषिक फलन सिद्धान्त' (Theony of Analytic Functions) बताया था। यदि इसे भी इन्होंने सार्वजनिक रूप से प्रकाशित करा दिया होता तो गणितीय जगत् में एक दूसरा विप्लव मचा गया होता।

लियोनार्ड आयलर—इसका जन्म १७०७ में स्विटज़रलैंड में एक गणितज्ञ के यहाँ हुआ। इसने अपनी स्नातकोत्तर शिक्षा जॉन बर्नोली के शिष्यत्व में पास की। अत्यधिक कार्य करने के कारण २८ वर्ष की अवस्था में ही इसकी एक आँख जाती रही। बाद में इसकी दूसरी आँख में मोतियाबिंद हो गया और वह अन्धा हो गया। फिर भी इसने गवेषणा का कार्य नहीं छोड़ा। इसके अभिपत्र (Papers) इसके पुत्र लिखते रहे।

इसके मस्तिष्क में इतने विचार चक्कर काटते थे कि यह मुश्किल से ही उन्हें संभाल पाता था। वह एक के बाद एक अभिपत्र लिखता जाता था और इस प्रकार उसकी मेज़ पर गवेषणा पत्रों का ढेर इकट्ठा होता चला जाता था। जब कभी गणितीय पत्रिकाओं के सम्पादकों को छापने के लिये अभिपत्रों की आवश्यकता होती, यह अपनी मेज़ से ऊपर के दो एक पेपर उठाकर दे दिया करता, परिणाम स्वरूप पिछले पत्र पड़े रह जाते व अगले छप जाते जिनमें पिछले पत्रों की कृतियों का उल्लेख होता था।

आयलर के जीवन के कुछ उपाख्यान बड़े रोचक हैं। रूस की रानी अन्ना के कारण (जो कि बड़ी कट्टर थी) आयलर को सार्वजसिक कार्यों से हाथ खींचना पड़ा। १७४० में अन्ना का देहांत हो गया। तब ऑयलर को जर्मनी के राजा फ्रैडरिक महान ने बुला लिया। जब ऑयलर बर्लिन पहुँचा तो प्रशा की रानी ने उसे अपना कृपापत्र बनाना चाहा। परन्तु जब वह ऑयलर से बात करती थीं तो ऑयलर केवल 'हाँ, हूँ' में उत्तर दे देता था। रानी ने कहा कि, "आश्चर्य है कि इतना बड़ा विद्वान इस कदर चुप रहता है।" आयलर ने उत्तर दिया कि, "महारानी जी, इसका कारण यह है कि जिस देश से मैं आया हूँ, वहाँ बोलने के कारण ही लोगों को फाँसी पर चढ़ा दिया जाता है।"

डिडेरट (Diderot) एक नास्तिक था। ज़ारीना (Czarina) उससे अप्रसन्न हो गई थी और चाहती थी कि उसके विचार बदलने में ऑयलर उसकी सहायता करे। आयलर की सहमति मिलने पर रूसी दरबार में दोनों की भेंट का कार्यक्रम बनाया गया। डिडेरट से कहलाया गया कि एक महान् गणितज्ञ ने बीजगणितीय विधि से ईश्वर का अस्तित्व सिद्ध कर दिया है। आयलर जानता था कि डिडेरट के लिए बीजगणित काला अक्षर भैंस बराबर है। अतः उससे भेंट होने पर आयलर ने कहा—

"महाशय,

$$\frac{a+b}{c}^{c} = y$$

अतः ईश्वर है ।"

डिडेरट कुछ न समझ पाया और हक्का-बक्का हो गया और दरबारी खिलखिला कर हँस पड़े। उसने कहा कि उसे फ्रांस लौट जाने की आज्ञा दी जाये । उसे आज्ञा मिल गई और वह फ्रांस लौट गया ।

एक बार अनुमान लगाया गया कि यदि आयलर के समस्त कार्यों को प्रकाशित किया जाये तो बड़े आकार के सत्तर-अस्सी ग्रन्थों से कम नहीं होंगे । १९०९ के द्रव्य में इसका व्यय ८० हजार डालर बैठता था, किन्तु इसके पश्चात् लेनिनग्राद में आयलर की हस्तलिपियों का एक और ढेर उपलब्ध हो गया । तब तो प्रकाशकों के उत्साह पर तुषारापात हो गया ।

इसके अन्तिम दिन बड़े कष्ट में बीते । वह प्रायः अन्धा हो चुका था, इसका मकान जला दिया गया था और बहुत से कागज पत्र नष्ट हो चुके थे । फिर भी यह अपने कार्य में दत्तचित था और बहुत-सा परिकलन मस्तिष्क में ही किया करता था ।

जैकब जैकोबी—अपने शिष्यों को अनुसंधान कार्य के लिये प्रेरित किया करता था । इसका एक विद्यार्थी था जो सदैव चाहता था कि "किसी समस्या पर स्वयं कार्य करने से पहले जितना कुछ भी कार्य उस पर आज तक हो चुका है, वह सब जान लूँ ।" एक दिन जैकोबी ने उसे इन शब्दों में लताड़ा, "यदि तुम्हारे पिता ने यह आग्रह किया होता कि एक लड़की से विवाह करने से पहले वह संसार की समस्त लड़कियों से परिचय प्राप्त कर ले तो न उनका विवाह होता न तुम उत्पन्न होते ।

हैमिल्टन—१३ वर्ष की आयु तक १३ भाषाओं का पंडित हो चुका था. इनमें संस्कृत, हिन्दी, बंगाली, मराठी, पारसी, अरबी, चीनी, अंग्रेजी, लैटिन भी शामिल थीं । वह जीवन-भर एक तुकबन्द भी रहा । इसने एक प्रेयसी ढूँढ़ निकाली और उस पर दसियों कविताएँ लिख डालीं । जब उसे पता चला कि उक्त लड़की ने एक सिपाही से विवाह कर लिया है तो इसकी इच्छा डूबकर आत्महत्या करने की हुई किन्तु इसने अपनी उक्त इच्छा की पूर्ति नहीं की, वरन् एक कविता लिखकर संतोष कर लिया ।

अट्ठाईस वर्ष की अवस्था में हैमिल्टन ने एक अन्य स्त्री से विवाह कर लिया । इसके कुछ दिन पश्चात् वह पीने भी लगा । एक बार एक वैज्ञानिक भोज में वह इतनी पी गया कि बेकाबू हो गया और इसने शपथ ले ली कि "फिर कभी नहीं पियूँगा ।" इसने दो वर्ष अपनी कसम को निभाया । दो वर्ष पश्चात् फिर उसी ढंग के भोज में इसके एक पुराने मित्र एयरी (Airy) ने इसकी खिल्ली उड़ाई, कि "यह तो केवल एक जल पियक्कड़ है ।" बात इसे लग गई और इन महोदय ने फिर से पीना आरंभ कर दिया ।

एक दिन यह अपनी पत्नी के साथ टहल रहा था कि एकदम इसके मस्तिष्क में एक विचार बिजली की भाँति कौंध गया । इसने सड़क पर से एक पत्थर उठा लिया और चाकू से उस पर निम्न सूत्र गोद दिये—

$$i^2=j^2=k^2=i\,j\,k=-1$$

ऐसा प्रतीत होता है कि हैमिल्टन के लिये भोजन आया करता था, किन्तु गणितीय गवेषणा में यह इतना व्यस्त रहता था कि भोजन का इसे ध्यान ही न रहता था । यही कारण है कि इसकी मृत्यु पर इसके घर से कागजों के ढेर में से कई टूटी प्लेटें, आलू चाय इत्यादि निकलीं ।

वैदिक विज्ञान का इतिहास

—राकेश गुप्ता, विज्ञान स्नातक (द्वितीय वर्ष)

भारत वर्ष के आदि इतिहास के बारे में निश्चित तिथियाँ बताना कठिन कार्य है, किन्तु आज जो उस समय के प्रमाण प्राप्त होते हैं, उनसे उस समय की उन्नति एवं वैभव के बारे में कल्पना करना आसान कार्य है, इसमें दो मत नहीं। वैभवशाली भारत में कितनी विभिन्न विद्याओं का विकास हुआ था इसके बारे में तो हम आज सोच भी नहीं सकते।

विश्वविख्यात जर्मन दार्शनिक एवं तत्त्ववेत्ता मेक्स मुल्लर ने 'India, what can it teach us' में लिखा है "यदि मुझ से पूछा गया कि किस आकाश के नीचे मानव हृदय एवं मस्तिष्क का पूर्ण विकास हुआ है, जीवन के रहस्यों का वैज्ञानिक रूप से अन्वेषण हुआ है, तो मेरे सामने भारत का चित्र उभर आएगा।" अपने ऐश्वर्य एवं सम्पन्नता के उन्नत शिखर पर पहुँच कर ही भारत विश्व गुरु का स्थान पा सका और सदियों तक अपनी कला, विद्या, सभ्यता एवं संस्कृति के कारण विश्ववंद्य रहा।

वैदिक विचारधारा का मुख्य उद्देश्य है मानव को अंधकार और अज्ञान से निकाल कर सत्य एवं प्रकाश की ओर अग्रसर करना।

तमसो मा ज्योतिर्गमय

यही आधार है विद्या और कला का। वैदिक ग्रन्थों में गूढ़ ज्ञान भरा पड़ा है जो जन साधारण के लिए साधारण है किन्तु ज्ञानी को वही ज्ञान समुद्र प्रतीत होता है।

पूर्णस्य पूर्णमादाय
पूर्णमेव वशिष्यते ।।

अर्थः—पूर्ण (infinity)—पूर्ण (infinity)=पूर्ण (infiuity)

$$\infty - \infty = \infty$$

पूर्ण यानि 'ब्रह्म' जो कि निराकार, निर्गुण है। इस प्रकार 'अनन्तदर्शन (Philosphy of Infinities) का संस्थायक जीनो (xeno) नहीं अपितु वैदिक विज्ञान है।

आज की विद्या केवल मस्तिष्क तक ही सीमित है अर्थात् बहुत कम व्यावहारिक है। परन्तु वैदिक विद्याओं में विज्ञान धर्म और व्यावहारिक ज्ञान, मनुष्य को सत्य की ओर प्रेरित करते थे। इसी लिए तो उस समय घेराव, हड़ताल, आगजनी आदि की घटनाएँ नहीं होती थी।

वैदिक भारत वर्ष में कितनी विद्याओं का सम्पूर्ण विकास हुआ था इसका हमें इस घटना से आभास हो सकता है। सनतकुमार ने जाकर सर्वज्ञ (personification of knowledge) नारद मुनि से

पूछा "प्रभु ! आपने कितनी विद्याओं का अभ्यास किया है ?" इस पर नारद मुनि बोले "मैंने खगोल विद्या (astronomy), अंकविद्या (arithmatic and algebra), ऋगवेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद, इतिहास, पुराण, व्याकरण (grammar) राशिविद्या (science of numbers), भौतिकी (physics), कालक्रम (clroronology) तर्क (logic), शिल्पालिकविद्या (science of spirits), धनुर्विद्या archesy) राज्यशासन विद्या (polity), शिल्पकला (sculpture) आदि में, निपुणता एवं प्रवीणता प्राप्त की है।"

मुनि भारद्वाज ने 'विमान-शास्त्र' (Science of Aeroplanes) में लिखा है," सब विद्याओं का मूल था—अंक विद्या या गणित, और इसी के बलबूते पर सब विद्याओं का विकास सम्भव हो सका। वैदिक गणित में दो क्रियाएँ (operations) आधार थीं—जोड़ना (addition) और घटाना (subtraction)।

एक कहानी है कि एक बार हंगरी के दो दार्शनिक खेल खेलने बैठे कि "कौन सबसे बड़ी संख्या बोल सकता है।" खेल आरम्भ होने पर एक दार्शनिक ने बहुत देर सोच कर कहा, 'तीन'। दूसरे को बहुत प्रयास करने पर भी तीन से बड़ी संख्या न सूजी और उसने हार मान ली। पर ऐसे समय भारत में १८ अंकों ($१०^{१८}$) की गिनती को साधारण माना जाता था, ऐसा प्रसिद्ध इतिहासकार अलबरुनो ने लिखा हे। अन्य प्रणालियों के साथ शून्य सहित दशमलव प्रणाली (Decimal System) ने भी यहीं पर जन्म लिया। लेपलास (Laplace) ने हिन्दुओं की इस प्रणाली का उपयोग देख कर हिन्दुओं के प्रति अपना आभार प्रकट किया और कहा कि यह प्रणाली आर्किमिडिस (Archimedes) और अपोलोनियस (Appolonius) जैसे महान-गणितज्ञों के मस्तिष्क में क्यों नहीं उभरी ? वेद यानि वे पुस्तकें जो ज्ञान का भण्डार हैं, में गणित की अन्य शाखाओं के साथ अवकलन गणित (differential calculus), समाकलन गणित (integral calculus) और रेखा गणित (geometry) का भी पूर्ण रूप से विकास किया गया है। रेखा गणित का तो तब आविभाव हुआ जब हवन, यज्ञ आदि के लिए कुण्ड और मण्डप निर्माण करने के लिए नियम स्थापित किए गए। रेखा गणित का सबसे पुराना इतिहास बोधायन और आपस्तम्ब रचित 'शल्बसूत्र' (८०० ई० पू०) में मिलता है। जब कि साधारणतया माना यह जाता है कि सबसे पहला रेखा गणितज्ञ पाइथागोरस (Pythagoros, ५८० ई० पू०) था।

वृत (circle), त्रिभुज (triangle), त्रित (pie) पर भी वेदों में अनेक प्रश्न हैं। जिन से स्पष्ट है कि उस समय निर्देशांक ज्यामिति (coordinale geometry) का भी विकास हुआ होगा।

महान् भारतीय गणितज्ञ भास्कराचार्य (१५० A.D.) ने विस्तृत रूप से समतल और घन त्रिकोणमिति (*plane and spherical trigonometory*) और बीजगणित (*algebra*). पर अध्ययन एवं अन्वेषण किया और ऐसे प्रश्नों के हल निकाले जो पाश्चात्य देशों में सत्रहवीं-अठारहवीं सदी तक कोई भी नहीं निकाल पाया।

वैदिक भारत का यह एक अति संक्षिप्त चित्र है। केवल 'गणित' के बारे में ही उल्लेख किया है। इसी प्रकार अन्य गूढ़, विषय भी हैं जिनमें दूरदर्शन, (television) परिन्द्रियज्ञान, (telepathy) ज्योतिष विद्या, वनस्पति विज्ञान (botany), आयुर्वेद (medicine) आदि उल्लेखनीय हैं।

अब प्रश्न यह उठता है कि इतनी ज्ञान सम्पदा होते हुए भी हम आखें और हाथ पाश्चात्य देशों कि ओर क्यों फैलाते है ? और ज्ञान समुद्र का मंथन कर ऐश्वर्य प्राप्त क्यों नहीं करते ?

इन सब प्रश्नों का उत्तर है हमारी गुलामी यानि मानसिक गुलामी। सहस्र वर्षों की गुलामी में हम शारीरिक रूप से गुलाम रहे किन्तु हमने अपनी परम्परा, अपने गौरव, अपनी सभ्यता को न ही छोड़ा न ही भूला। किन्तु जैसे ही अंग्रेज भारतवर्ष से गए उनकी पावों की धूल के कीटाणुओं ने अपना रंग दिखाना शुरू किया और धीरे धीरे हमारे मानस पटल पर छा गए। स्वतन्त्रता पश्चात् हम उन्हें 'गौरांग प्रभु' कहने ही नहीं लगे, अपितु उनकी पूजा करने लगे। चाहे फिर वह विज्ञान का क्षेत्र हो चाहे साहित्य का, परिवार का हो या समाज का। हमने अपनी क्षमता, बाहुबल, और उत्तराधिकार में मिले ज्ञान के भण्डार को विस्मृत कर डाला। अत्यन्त दुःख की बात है कि पाश्चात्यों ने ही हमारी ज्ञान सम्पदा से प्रेरणा एवं स्फूर्त्ति लेकर नवनिर्माण किया जबकि हम मुँह बायें देखते रह गये।

आज भी अनेक बाधाएँ हैं जिनके कारण हम वैदिक ज्ञान के साक्षात्कार से वंचित हैं। कोटि-कोटि पुस्तकें पुस्तकालयों, मन्दिरों और अजायबघरों में पड़ी सड़ रही हैं किन्तु उन पर शोध (research) कर वास्तविक और सही अर्थ जानने का कोई व्यक्ति कष्ट नहीं करता। इसका मुख्य कारण है प्रेरणा और सुविधाओं का अभाव। अतः प्राचीन पाण्डुलिपियों को ऐसे व्यक्ति—जिन्हें उनका महत्त्व मालूम नहीं, उनमें निहित ज्ञान का आभास नहीं—विदेशियों के हाथ बेच देते हैं अथवा नष्ट कर देते हैं।

किन्तु अब और नहीं, जो कुछ होना था हो चुका, आगे ऐसा कभी भी नहीं होने देंगे। हम अपनी शक्ति का साक्षात्कार करेंगे और उसी के सहारे पुनः विश्ववन्द्य के पद सुशोभित होंगे। और मनु के श्लोक—

एतद्देश प्रसूतस्य सकाशात् अग्रजन्मनः।
स्वं-स्वं चरित्रं शिक्षेरन् पृथिव्यां सर्वमानवा : ॥

को साकार करेंगे जिसका अर्थ है कि इस भारत भू के सपूत से पृथ्वी भर के लोग शिक्षा व ज्ञान प्राप्त करें।

महान् भारतीय गणितज्ञ			अंकों के लिए प्रयोग में लाए गए शब्द
वैधायन	८००	ईसा पूर्व	०=शून्य, ख, गगन, अम्बर, आकाश।
आपस्तम्ब	४००	,,	१=आदि, शशि, इन्दु, चन्द्र, मृगांक।
आर्यभट्ट	४९९	ईस्वी	२=यम्, अश्विन्, कर, युगल।
वराहमिहिर	५०५	,,	३=राम, गुण, त्रिगुण, लोक।
भास्कर I	५२२	,,	४=वेद, श्रुति, समुद्र, सागर, अवधि।
लल्ल	५९८	,,	५=बाण, शर, सायक।
ब्रह्मगुप्त	६२८	,,	६=रस, अङ्ग, कायः, ऋतु।
श्रीधर	७५०	,,	७=नग, भूभृत, पर्वत।
महावीर	८५०	,,	८=वसु, नाग भूति।
आर्यभट्ट	९५०	,,	९=अङ्क निधि।
श्रीपति	१०३९	,,	१०=दिश्, दिक्, आशा, अञ्जलि।
भास्कर	११५०	,,	११=रुद्र।
नारायण	१३५०	,,	१२=आदित्य।
नारायण	१३५६	,,	१३=भागवत।
नीलकण्ठ	१५००	,,	१४=मनु।
			१५=तिथि।

१ एक

१० दश्

१०० सत्

१००० सहस्र

१०,००० अयुत:

१००,००० नियुत:

१०००,००० प्रायुत:

१०,०००,००० अरबुध:

१००,०००,००० न्यारबुध:

१०००,०००,००० समुद्र:

१०,०००,०००,००० मध्य:

१००,०००,०००,००० अन्त:

१,०००,०००,०००,००० परार्ध:

$(१०,०००,०००)^२ = १०^{१४}$ कोटि कोटि

$= १०^{५८}$ तल्लकशन:

गणित की भूल-भुलैया

सतीश कुमार गोयल, विज्ञान निष्णात (पूर्वार्ध)

शायद आपके साथ भी ऐसा हुआ हो। गणित की किसी कठिन समस्या से उलझने पर कभी-कभी ऐसे निष्कर्ष निकलते हैं जो सर्वथा एवं स्पष्टतया असम्भव हैं। और आप चकरा जाते हैं ! ऐसी स्थिति में रही-सही बुद्धि भी ग़ायब हो जाती है और बार-बार सोच-विचार कर दुहराने पर भी वही परिणाम आ जाता है। और तब आप निराश और हताश होकर कभी अपने को धिक्कारते हैं और कभी उसको जिसने आपको वह समस्या हल करने को कहा था !

इस प्रकार के कमाल प्रायः प्रयत्नपूर्वक ही किये जाते हैं आपने किसी को $1=0$ या ऐसे ही कुछ परिणामों को सिद्ध करते देखा-सुना होगा। मैं ऐसे ही कुछ उदाहरण प्रस्तुत कर रहा हूँ। (ये कमाल मेरे नहीं हैं !)

(1) $$\sqrt{य-र} = i\sqrt{र-य}\,;\, i = \sqrt{-1} \qquad (1)$$

उपरोक्त समीकरण य, व र के प्रत्येक मान के लिए ठीक है। इसमें य=क तथा र=ख रखने पर

$$\sqrt{क-ख} = i\sqrt{ख-क} \qquad (2)$$

इसी प्रकार य=ख तथा र=क रखने पर

$$\sqrt{ख-क} = i\sqrt{क-ख} \qquad (3)$$

समीकरण (2) व (3) से :

$$\sqrt{क-ख}\ \ \sqrt{ख-क} = i^2\sqrt{ख-क}\ \ \sqrt{क-ख}$$

या $$\underline{1 = -1}$$

इस परिणाम पर अन्य उपायों से भी पहुँचा जा सकता है। एक और तरीका है :

मान लीजिए य एक ऐसी संख्या है कि :

$e^{य} = -1$ दोनों पक्षों को वर्ग करने एवं नेचुरल लौग (log) लेने पर :

$$\ln e^{2य} = \ln 1 = 0$$

या $2य \ln e = 0$

अर्थात् $य = 0 \ [\because \ln e \neq 0]$

लेकिन $e^{य} = -1$

$\therefore e^0 = 1 = -1$

(2) $\frac{य}{र} = \frac{क}{ख}$

यदि इस समीकरण में य > र तो क > ख।

अब जरा य = ख = 1 और क = र = −1 रख कर कमाल देखिए।

$\frac{1}{-1} = \frac{-1}{1}$

अतः $\because \quad 1 > -1$

इसलिए $-1 > 1$

एक रेखागणित सम्बन्धी समस्या यह भी है कि रेखा का एक भाग पूरी रेखा के बराबर है।



त्रिभुज कखग में ∠ब न्यूनकोण है और ∠क > ∠ग।

क म, रेखा ख ग पर लम्ब है। ∠खकब = ∠ग

अब त्रिभुजों कखग व कखब में,

∠ब = ∠ख, ∠खकब = ∠ग,

∵ △कखग का तीसरा कोण = △ कखब का तीसरा कोण अर्थात् △ कखग एवं △ कखब समान कोणिक हैं। (equiang).

अब हम इन समान कोणिक अर्थात् समरूप त्रिभुजों से सम्बन्धित कुछ प्रमेयों का प्रयोग करेंगे।

$$\frac{\triangle \text{कखग}}{\triangle \text{कखब}} = \frac{\text{कग}^2}{\text{कब}^2} \qquad (१)$$

तथा $$\frac{\triangle \text{कखग}}{\triangle \text{कखब}} = \frac{\text{खग}}{\text{खब}} \qquad (२)$$

समीकरण (१) व (२) से।

$$\frac{\text{कग}^{२}}{\text{खग}} = \frac{\text{कब}^{२}}{\text{खब}}$$

या $$\frac{\text{कख}^{२}+\text{खग}^{२}-२\text{खम खग}}{\text{खग}} = \frac{\text{कख}^{२}+\text{खब}^{२}-२\text{खब ख म}}{\text{खब}}$$

या $$\frac{\text{कख}^{२}}{\text{खग}}+\text{खग}-२\text{खम} = \frac{\text{कख}^{२}}{\text{खब}}+\text{खब}-२\text{खम}$$

या $$\frac{\text{कख}^{२}}{\text{खग}}-\text{खब} = \frac{\text{कख}^{२}}{\text{खब}}-\text{खग}$$

या $$\frac{\text{कख}^{२}-\text{खग खब}}{\text{खग}} = \frac{\text{कख}^{२}-\text{खग खब}}{\text{खब}}$$

$$\boxed{\text{खग} = \text{खब}}$$

और अब मैं आपके सम्मुख कुछ और बहुचर्चित पहेलियां प्रस्तुत करता हूँ। सबसे पहले हैं इलियाका जेनो (ई० पू० ४९५-४३५) की पहेलियां जिनके द्वारा उसने अपनी एथेन्स यात्रा के दौरान वहां के दार्शनिकों को स्तब्ध कर दिया था। यह गति सम्बन्धी प्रश्न पिछले ढाई हजार वर्षों से न केवल जनसाधारण के लिए अपितु गणितज्ञों के लिए भी सिरदर्द बने हुए हैं। उन्नीसवीं शताब्दी के अंत में ही इनकी कुछ कुछ व्याख्या सम्भव हो सकी है, परन्तु आज तक कोई भी इन्हें पूर्णरूप से हल कर लेने का दावा नहीं कर सका है।

(१) यह तो शायद आप सभी को मालूम हो !

खरगोश और कछुए की दौड़ की कथा सबको ज्ञात है। आरंभ में कछुआ खरगोश से कुछ आगे रहता है। दौड़ शुरू होती है और गड़बड़ भी यहीं शुरू होती है। जेनो कहता है कि खरगोश कभी भी कछुए से आगे नहीं निकल सकता क्योंकि इससे पूर्व खरगोश को उस स्थान पर पहुंचना होगा जहां कि पहले कछुआ था। और जब तक खरगोश वहां पहुंचेगा, कछुआ थोड़ा और आगे बढ़ जाएगा। इस प्रकार, क्रम की पुनरावृत्ति करते जाने पर, परिणाम निकलता है कि कछुआ हमेशा ही खरगोश से आगे रहेगा।

(२) गति असंभव है, क्योंकि किसी भी गतिमान पिण्ड को अपने गन्तव्य (स्थान) तक पहुंचने से पूर्व मार्ग के मध्य-स्थान तक पहुंचना होगा। लेकिन मध्य स्थान पर पहुंचने से पहले चौथाई-स्थान पर पहुंचना होगा। और विभाजन का यह क्रम अनन्त तक चलता रहेगा। अतः गति का आरंभ ही नहीं हो सकता।

(३) किसी भी क्षण एक गतिशील वस्तु या तो स्थिर है ; या, यदि स्थिर नहीं है, तो गतिशील है। यदि इस क्षण का विभाजन संभव नहीं, तो वस्तु स्थिर है ; और यदि वस्तु गतिशील है तो क्षण का विभाजन संभव हो जाता है। क्षणों के एक समूह को 'काल' कहते हैं। यदि वस्तु किसी एक क्षण के लिए स्थिर है, तो फिर यह संपूर्ण काल के लिए भी स्थिर है। अतः यह हमेशा ही स्थिर रहेगी।

'एक मनोरंजक घटना'

एक उत्साही गणितज्ञ अपने कुछ परिचितों को प्रायिकता (probability) के सिद्धान्त समझाने का प्रयत्न कर रहा था। कुछ प्रारंभिक परिभाषाओं एवं प्रयोगों को समझने के पश्चात एक श्रोता ने पूछा, "क्या प्रत्येक घटना की प्रायिकता निकालना संभव है ? मेरा ख्याल है कि खिड़की के सामने से पहले एक आदमी गुजरेगा, स्त्री नहीं ! जरा इसकी प्रायिकता बताइए।"

"यदि संसार में स्त्री-पुरूषों की संख्या बराबर हो एवं बच्चों को भी लिंगानुसार उनमें मिला लिया जाए तो प्रायिकता है १/२"

"और लगातार दो पुरुष गुजरेंगे, इसकी प्रायिकता क्या है ?"

"इसकी प्रायिकता है १/४।" (गणितज्ञ ने समझा दिया) "यह तो ठीक है, लेकिन तीन पुरुषों के गुजरने का प्रश्न हो तब प्रायिकता कैसे निकालेंगे ?" "अब उत्तर है १/२×१/२×१/२=१/८" (गणितज्ञ ने पुनः अपेक्षित एवं संभावित घटनाओं कीं संख्या गिन कर समझा दिया)

"अच्छा, दस व्यक्तियों के लिए क्या प्रायिकता होगी" दूसरे श्रोता ने पूछा।

"आपका मतलब है कि प्रथम दस गुजरने वाले पुरूष ही हों, इसकी प्रायिकता क्या है ? यह है $\left(\frac{१}{२}\right)^{१०} = \frac{१}{१०२४}$ यदि आप इस घटना के घटित होने पर १ रुपए की शर्त लगाते हैं तो मैं इसके घटित न होने पर १००० रुपये की शर्त लगाने को तैयार हूं।"

"बड़ी आकर्षक शर्त है !" एक और श्रोता ने कहा, "मैं तो १ रुपया नहीं बल्कि १० रुपये लगाने को तैयार हूं।"

"आप भूल रहे हैं कि आपके जीतने की संभावना १००० में केवल एक है" गणितज्ञ ने चेतावनी दी।

"कोई बात नहीं। १००० रुपये के मुकाबले १ रुपया ! इसके लिए तो मैं यहां तक कहने को तैयार हूँ कि प्रथम १०० गुजरने वाले पुरूष ही होंगे।" उसी श्रोता ने कहा।

"आप जानबूझ कर हारने पर आमादा हैं। आप जानते हैं कि इसकी संभावना कितनी कम है ?"

"शायद १० करोड़ में १"

"नहीं, इससे बहुत कम, यह तो केवल ३० पुरूषों के लिए है। १०० के लिए है $(१/२)^{१००} \approx \left(\frac{१}{१०}\right)^{३०}$

"बस ! इतनी ही ?"

"आप इसे 'बस !' समझते हैं। इतने तो आपके सिर पर बाल भी नहीं हैं।"

"खैर आप मेरे एक रुपये के लिए कितने की शर्त लगाते हैं ?"

"अपनी संपूर्ण सम्पत्ति की, अपने सर्वस्व की"

"सब कुछ? नहीं, यह ज्यादा है। मेरे लिए आपकी कार ही काफी है"

"लेकिन क्या आप नहीं जानते कि आप कभी नहीं जीत सकते। आपको कार कभी नहीं मिलेगी।"

एक शुभचिंतक ने गणितज्ञ को बहुत समझाया कि १ रुपये के लिए कार की शर्त लगाना पागलपन है। लेकिन गणितज्ञ ने कहा कि पागलपन कार नहीं बल्कि १ रुपये का लगाना है। मित्र ने फिर कहा, हार की कुछ तो संभावना है, परंतु गणितज्ञ विचलित न हुआ एवं बोला—"हां सागर में एक बूंद—यही संभावना है हारने की। मैं यकीनन जीत जाऊंगा।"

इतने में बाहर से मिलिटरी बैंड की धुन सुनाई दी और कुछ ही क्षणों में सैनिकों की पूरी एक पलटन को खिड़की के सामने से गुजरते हुए सबने देखा।